कबीर के पूर्व खड़ी बोली काव्य
का
भाषा वैज्ञानिक अध्ययन

इलाहाबाद विश्वविद्यालय की डी० फिल० उपाधि हेतु प्रस्तुत

शोध -- प्रबन्ध

निर्देशक

माता बदल जायसवाल

रीडर, हिन्दी विभाग

इलाहाबाद विश्वविद्यालय

इलाहाबाद

शोधकर्त्री

श्रीमती वेदा रानी

१९७६

प्राक्कथन

साहित्य पर शोध कार्य करना सुगम नहीं है । विज्ञान की छात्रा होने के कारण मैंने जब शोध कार्य करने का विचार किया तो मैंने भाषा विज्ञान को ही अपने शोध प्रबंध का लक्ष्य बनाया । एम०ए० द्वितीय वर्ष में भी भाषा विज्ञान में मेरी काफी रुचि थी । मेरा शोध कार्य करने का विचार न था लेकिन परिस्थितियाँ ऐसी बनी कि उसमें फंसकर मेरा मन इस कार्य की ओर अग्रसर हुआ । मेरी दुर्बलता थी कि मुझमें आत्मबल का नितान्त अभाव था । भाषा विज्ञान विषय की जटिलता एवं कार्य के परिश्रम को देखकर, मैं आंतरिक मन: स्थितियों को इस शोध कार्य के योग्य नहीं पा रही थी । फलत: विचारों एवं भावनाओं के संघर्ष के पश्चात यह दृढ़ निश्चय किया कि शोधकार्य करना ही है ।

मेरे पूज्य पिता जी एवं गुरुदेव माताबदल जायसवाल जी ने मुझे शोधकार्य करने के लिये प्रेरित किया ।

शोध प्रबन्ध के लिये विषय का चुनाव करना भी मेरे लिये एक जटिल समस्या थी । लेकिन प्रो० माताबदल जायसवाल जी ने "कबीर के पूर्व खड़ी बोली काव्य का भाषा वैज्ञानिक अध्ययन" नामक विषय पर मुझे शोध करने की आज्ञा प्रदान की ।

हिन्दी साहित्य को सुगमता के लिये विभिन्न युगों में विभाजित किया गया है । अत: अध्ययन की सुविधा तथा विस्तृत विवेचना के लिये अलग-अलग कालों का भाषा वैज्ञानिक अध्ययन प्रस्तुत करने का प्रयत्न भाषा वैज्ञानिक शोध छात्रों द्वारा किया गया है । इस शोध प्रबन्ध में अपभ्रंश के बाद, कबीर के पूर्व युग में प्राप्त साहित्य की भाषागत विशेषताओं का वर्णनात्मक भाषा-वैज्ञानिक अध्ययन प्रस्तुत करने का प्रयत्न किया गया है । हस्तलिखित प्रतियों के

अभाव के कारण केवल वैज्ञानिक रूप से संपादित ग्रन्थों को आधार ग्रन्थ मान कर शोध प्रबन्ध लिखा है । शोधकार्य को सुगम बनाने के लिये उस युग में प्राप्त नामदेव, गोरखनाथ तथा बाबा फरीद के साहित्य का अवलोकन किया गया है । इन ग्रन्थों में प्राप्य प्रत्येक शब्दों के कार्ड्स बनाये हैं । इस प्रकार से लगभग दस हजार कार्ड्स हो गये हैं ।

शोध प्रबन्ध के अन्तर्गत कबीर के पूर्व खड़ी बोली काव्य का ध्वनिग्रामिक अनुशीलन भी किया गया है । पदग्राम, संज्ञा सर्वनाम विशेषण तथा क्रिया विशेषण रूपों के साथ साथ समास रूपों का भी भाषा वैज्ञानिक अध्ययन प्रस्तुत है । उस युग में प्राप्त विभिन्न रूपों की तुलनात्मक विवेचना अपभ्रंश साहित्य तथा सूरपूर्व व्रजभाषा से की गई है । निष्कर्ष रूप से खड़ीबोली की प्राचीनता कबीर के पूर्व युग तक तथा उससे आगे अपभ्रंश साहित्य तक देखी जा सकती है ।

इस शोध प्रबन्ध को मैं पूरा कर सकी इसके लिए मैं कुछ व्यक्तियों की आभारी हूं । प्रयाग विश्वविद्यालय हिन्दी विभाग के विभागाधीश, डा० लक्ष्मीसागर वार्ष्णेय जी का मैं हृदय से आभार मानती हूं जिन्होंने इस विषय पर शोध कार्य करने की अनुमति प्रदान की ।

अपने गुरुदेव प्रो० माताबदल जायसवाल जी की मैं ऋणी हूं । इतनी व्यस्तता से अपना बहुमूल्य समय निकाल कर इस कार्य के लिये उन्होंने मुझे दिया । कार्य को सुगम बनाने के लिये पग पग पर मेरा पथ प्रदर्शन किया । सहृदयता, आत्मीयता के साथ साथ परिश्रम तथा लगन से शोध कार्य करने के लिये प्रेरित किया । मेरे पास शब्द नहीं हैं कि मैं उनका आभार प्रदर्शित करूं । आभार प्रदर्शन की औपचारिकता दिखाकर मैं उऋण नहीं होना चाहती । आपकी प्रेरणा से किया हुआ समस्त कार्य, आपकी ही प्रेरणा, परिश्रम तथा सहृदयता का फल है । मैं जो कुछ भी हूं तथा कर सकी हूं वह सिर्फ आपकी ही प्रेरणा से । अतः समस्त कार्य एवं सफलता का फल मैं आपको ही समर्पित करती हूं ।

पिता जी एवं माता जी का एक स्वप्न था कि मैं शोध कार्य करूं । इसके लिये उन्होंने मुझे सहायता तथा प्रेरणा दी । शोध कार्य की अवधि में उनका

प्रेम तथा त्याग अगर मेरे साथ न होता तो शायद यह कार्य पूरा भी न होता। माता पिता का ऋण तो मैं कभी भी नहीं उतार सकती। उनका प्रेम मेरा पथ प्रदर्शक रहा।

अंत में मैं टंकण सम्बन्धी कार्य के लिये श्री मेवालाल मिश्र की अत्यंत आभारी हूं जिन्होंने अल्प अवधि के अन्तर्गत अत्यन्त परिश्रम तथा लगन के साथ मेरा कार्य समाप्त किया है।

मैंने टंकण सम्बन्धी त्रुटियों को यथा संभव सुधारने का प्रयत्न तो किया है किन्तु फिर भी कुछ भूलों के लिये मैं क्षमा प्रार्थी हूं। ञ व्यंजन को हाथ से बनाया गया है। अंग्रेजी के शब्दों का यदाकदा प्रयोग हुआ है जिन्हें भी हाथ से लिखा गया है।

(श्रीमती) वेदा रानी
२४ जून, १९७९

अनुक्रमणिका

विषय पृष्ठसंख्या

विषय पृष्ठसंख्या

विषय पृष्ठ संख्या

अध्याय - १

खड़ी बोली का विकास

बिजनौरी बोली

क्षेत्र

बिजनौरी बोली का बिजनौर एक ऐसा जिला है जहाँ खड़ीबोली Dialect के रूप में बोली जाती है। न तो यह सीमा पर है और न पंजाब से इतना निकट कि यहाँ की बोली पर पंजाबी का विशेष प्रभाव पड़ सके। विद्वानों के अनुसार यहाँ की बोली ही खड़ी बोली क्षेत्र की प्रधान बोली है।

संख्या

इस जिले में —

१. ६००००० हिन्दुस्तानी वर्नाक्यूलर बोलने वाले
२. साहित्यिक खड़ी बोली बोलने वाले - १८६०००

(१६२१ की जन गणना के अनुसार)

सामान्य भाषावैज्ञानिक विशेषतायें

(१) व ध्वनि यदि किसी शब्दांश के अन्त में आती है तो बालाघात होने पर व यथा lactieda की तरह उच्चरित होती है। लौंड़ा या लड़की

(२) वाँ के बदले e का प्रयोग करते - लैं गया

(३) दो स्वरों के मध्य में (जबकि उनमें से एका e हो) y सुनाई नहीं पड़ता है।
यथा Khā - rīā

(४) किसी आधुनिक क्रिया के अंतिम अक्षरांश में य (y) जुड़ता है यदि उसका अंत ā या ō में होता है।

यथा - Liphya ; , Padhya

(५) In the word bit the i change into e

(६) अक्षरांश के अंत में ह ध्वनि उच्चरित नहीं होती है।
' कै दिया ' — कह दिया,
' चाये जौहो ' - चा है जौहो आदि

(७) कभी कभी अनुस्वार युक्त य • न के पूर्व adopt only
ल यथा। -ऱू for न्हूँ
तिनकू for इनकी

(८) न कभी कभी य में परिवर्तित हो जाता है।
यथा - कहानी भगवान कंगन

(९) ई और आ जिसी Stressed शब्द के अंत में आते हैं। तब उनका उच्चारण इ अ की भाँति होता है। गड़ी, घोड़ा का उच्चारण ऐसा होगा मानो ई और आ ह्रस्व है।

(१०) aw तथा o का उच्चारण कभी कभी ↄ की तरह होता है।

(११) कभी-कभी यह देखा जाता है कि अर्ध स्वर व, आ, में बदल जाता है। और पूर्व का आ लुप्त हो जाता है। यथा- Soar, Goar- Savar, Garar

(१२) जब कभी कोई व्यंजन बालाघात प्राप्त (Stressed Syllable) अक्षर में आता है तो साधारणतः व्यंजन (doubled) दुगुना हो जाता है।

घोड़्हा, गाड़्डी, पीट्टन, दुक्काल पक्कास आदि

(१३) कभी कभी ल पार, ४ में परिवर्तित हो जाते हैं
यथा निकाड़ for निकाल, चपड़ासी, चपरासी

टिप्पणी :-

(१) उच्च वर्ग के लोगों की उच्चारण पद्धति साधारण लोगों से कुछ भिन्न होती है। यह उनकी शिक्षा का नहीं बल्कि प्राचीन संस्कृति का प्रभाव है।

उच्चवर्ग	घोड़ा	गाड़ी	
साधारण वर्ग	घोड़्हा	गाड़्डी	इत्यादि

२, भाषा की साधारण प्रवृत्ति शीघ्रता के साथ जोर देकर बोलने की है । यह अनुमान ठीक हो सकता है कि भाषा की इसी शीघ्रता के कारण ही किसी व्यंजन का द्वित्व और किसी कालों पर होता है किन्तु यह कहना कठिन है कि द्वित्व जोर (Jerk) के कारण होता है या कि जोर (Jerk) द्वित्व के कारण होता है ।

जर्क, बोली में शीघ्रता, कठोर ध्वनियों का अधिक प्रयोग इस बोली के नामकरण (खड़ी बोली) (Straight Speech) का एक कारण हो सकता है । उपर्युक्त विशेषता है कि बोली में एक Straightness आ ही जाती है ।

संज्ञा

लिंग–

हिन्दी भाषाकी भांति इसमें भी दो ही लिंग हैं । पुलिंग तथा स्त्रीलिंग — किन्तु पुल्लिंग तथा स्त्रीलिंग के निश्चय करने के लिए कोई विशेष व निश्चित नियम नहीं है कुछ विशेष विधियों से पुल्लिंग से स्त्रीलिंग की भिन्नता प्रकट हो जाती है ।

१, शब्दों के परिवर्तन द्वारा - यथा - मर्द , औरत

२, पुलिंग में प्रत्यय (Suffix) लगाकर –

कुछ पुल्लिंग प्रत्यय निम्नलिखित हैं

ई	बकरा -बकरी
इन	धोबी- धोबिन
नी	हाथी से हथिनी
अन	चमार से चमारन
आन	ठाकुर - ठाकुरान
यन	नाई से नायन

टिप्पणी :- अन्तिम तीन प्रत्यय इस बोली की विशेषता है जो हिन्दी भाषा (आधुनिक मानक हिन्दी) में नहीं पाई जाती हैं ।

(२) कोई निश्चित नियम न होने के कारण परंपरा का ही लिंग निर्धारण में प्रधान हाथ होता है ।

२. वचन

दो वचन हैं :- १. एक वचन - बहु वचन

मूलरूप बहुवचन -:

हिन्दी संज्ञाओं में रूप परिवर्तन नहीं होता है । बहुवचन की पहचान क्रिया के रूप द्वारा होती है ।

यथा - आदमी आया था ।

आदमी आये थे ।

इसको ध्यान में रखते हुए यह तथ्य निकलता है कि -

१. आकारान्त संज्ञायें अवश्य बहुवचन वाला रूप धारण करती हैं ।

यथा - राजा मारा गया

राजे मारे गये ।

२. जब संज्ञा इकारान्त हो तो परिवर्तन इच्छा पर निर्भर रहता है ।

यथा - बिल्ली भाग गई ।

बिल्ली या बिल्लियाँ भाग गयीं ।

३. ऊ - आरान्त संज्ञा में परिवर्तन नहीं होता है ।

यथा - उल्लू उड़ गया ।

उल्लू उड़ गये ।

व्यंजनान्त संज्ञा में direct Case का प्रयोग, कर्ता मूल रूप, एक वचन तथा कर्ता मूल रूप बहुवचन और दूसरे कारकों के एक वचन में होता है ।

किन्तु दूसरे कारकों के बहुवचन में विकृत रूप कारक का प्रयोग होता है ।

यथा - घर बिकता है ।

घर बिकते हैं ।

घर. . को से मैं गया ।

घरों को से मैं गया ।

विकृत रूप बहुवचन

साधारणतः विकृत रूप बहुवचन की रचना एक वचन में ओं - जोड़कर की जाती है -

यथा घोड़ा - घोड़ों

प्रत्यय निम्नलिखित नियमों से लगता है -

१, जब किसी आकारान्त शब्द में लगता है तो आ का लोप हो जाता है और प्रत्यय आ जाता है ।

यथा - घोड़ा - घोड़ों

२, जब कभी प्रत्यय इ, ई, उ, ऊ कारान्त शब्दों में लगता है । तो दीर्घ ई, ऊ, ह्रस्व हो जाते हैं ।

यथा - लड़की, लड़कियों

बकरी - बकरियों

३, व्यंजनान्त शब्दों में प्रत्यय व्यंजन में लगाया जाता है ।

यथा - घर , घरों

बील , बीलों

कारक -

केवल दो कारक हैं -

१. मूल रूप

२. विकृत रूप

Generally like standard Hindi, but unlike standard Hindi – Nominative Singular is used in – कर्म कारक, सम्बन्ध, कारक in एक वचन ।

यथा घोड़ा – घोड़े, को से का की आदि ।

संज्ञा रूप रचना के बहुत से प्रत्यय रूपों का भी प्रयोग होता है । कुछ विशेष प्रकार की संज्ञाओं की रूप रचना भी होती है ।

अधिकरण बहुवचन बिना किसी आवश्यक परसर्ग के प्रयुक्त होता है और अधिकरण का भाव प्रकट करता है । यथा घरों-घरों जिसमें हूं । इस प्रकार के कारक अभ्यास के रूप में आते हैं । करण कारक की रचना भी इसी प्रकार होती है । यथा भूखों मरे हूं ।

सर्वनाम

कर्म से अधिकरण तक के रूप केवल परसर्ग लगाकर बनाये जाते हैं ।

वचन — कभी कभी बहुवचन के रूप एक वचन के लिये प्रयुक्त होते हैं । लेकिन हिन्दी की अन्य बोलियों से भिन्न मध्यम पुरुष में एक वचन का प्रयोग अधिक प्रचलित है । तू, तेरा, तुझे

किन्तु उत्तम पुरुष के सम्बन्ध में प्राय: बहुवचन का प्रयोग अधिक होता है —

मेरी तरफ के बदले, हमारी तरफ का प्रयोग अधिक होता है ।

लिंग —

व्यावहारिक रूप से तो लिंग परिवर्तन के कारण कोई दूसरा रूप नहीं बदलता है —किन्तु

१. पुरुषवाचक के उत्तम पुरुष मै और मध्यम पुरुष के संबंधवाचक रूप में —

यथा - मैरा, मैरी

तैरा तैरी

२. प्रश्नवाचक जब Neuter Gender में जैसा कर्ता के एक वचन, बहुवचन रूप क्या होंगे ।

कारक

परसर्गों का प्रयोग सभी सर्वनामों के साथ हो सकता है । केवल सम्बन्ध कारक उत्तम पुरुष मध्यम पुरुष को छोड़कर -

मैरा, म्हारा, हमारा म्हारा

तैरा तुम्हारा, तुमारा ।

पुरुषवाचक	उत्तम पुरुष	
कर्ता	एक वचन	बहुवचन
	मै म	हम हमनै
	मैनै	
कर्म	उसको कू	हमको, कू
	मैर को कूं	
करण	मुझसे	हमसे
	मैरे से	
सम्प्रदान	मुझको	हमको
	मैरे लियै	हमारे लियै
	म्हारे लियै	
अपादान	मुझसे	हमसे
सम्बन्ध	मैरा	हमारा
	म्हारा	म्हारा
अधिकारण	मुझमें	हममें
		म्हारे मै

टिप्पणी –

अपादान और अधिकरण को छोड़कर और प्रत्येक कारक में एक ऐच्छिक रूप है एक वचन में । कर्म करण सम्प्रदान में मेरा मेरे का रूप इस बोली की विशेषता है । केवल सम्प्रदान सम्बन्ध अधिकरण जो म्हारा को भी स्वीकार करते हैं और सर्वत्र बहुवचन में हम का प्रयोग होता है ।

मध्यम पुरुष

	ए०व०	बहु०व०
कर्ता	तू तूने	तुम, तुमने
कर्म	तुझको तुझे	तुमको
करण	तुमसे	तुमसे
सम्प्रदान	तुमको तुम्हें तेरे लिये	तुमारे लिए
अपादान	तुमसे	तुमसे
संबंध	तेरा	तुम्हारा

टिप्पणी –

१. बहुत से अतिरिक्त रूप मिलते हैं । ये एक वचन में अधिक तथा बहुवचन में कम मिलते हैं । कर्ता को छोड़कर एक वचन में विकृतरूप एक वचन का प्रयोग मिलता है किन्तु ब० व० में कर्ता का बहु वचन वाला रूप अपादान और सम्बन्ध को छोड़कर सर्वत्र मिलता है ।

२. आदर सूचक शब्द आप है । इसमें लोग जोड़ कर बहुवचन बना लेते हैं । विभक्तियाँ इसके बाद जोड़ी जाती हैं ।

अन्य पुरुष

	ए०व०	ब०व०
कर्ता	वो,उसने, उसको	वो,उन्ने, विन्ने

जिस तथा उस दोनों रूप एक वचन में प्रयुक्त होते हैं और विकृत रूप एक वचन रूप तथा बहुवचन के रूप सभी कारकों में सभी वचनों में प्रयुक्त होते हैं —

यथा जिसकी माता

उसकी माता

जिन्ने रूप कर्ता में एक वचन और बहुवचन दोनों में प्रयुक्त होता है । उसी प्रकार को कर्ता के एक वचन और ब०व० में परिवर्तित नहीं होती है ।

टिप्पणी —

बहुवचन की नियमित रूप रचना के अतिरिक्त यदाकदा सभी पुरुषों में सब लोग लगाकर भी बहुवचन बनते हैं । ये शब्द केवल बहुवचन के ही रूप लगते हैं । हम सब हम लोग तुम सब ।

निश्चय वाचक

निकटवर्ती —

ये ये

इस इन

कर्ता को छोड़कर जहाँ कि एक ब० और बहु वचन में रूप समान हैं सर्वत्र विकृत एक वचन तथा बहुवचन के रूप सभी कारकों में प्रयुक्त होते हैं । कर्ता में क्रिया के द्वारा एक वचन और बहुवचन का ज्ञान कराया जाता है ।

यथा — ये जायेगी

ये जायेंगी

दूरवर्ती —

वो वो निकट वर्ती की भाँति

जिस जिन यहाँ भी वही होता है ।

टिप्पणी –

कभी-कभी अतिरिक्त शब्द लगाकर भी बहु वचन बनते हैं –और`लोग`

वो सब आये थे
ये सब आये थे
वो लोग आये थे
ये लोग आये थे

संबंध वाचक सर्वनाम (नित्य सम्बन्धी)

जो जो
जिस जिन

इसमें कर्ता में दोनों रूप एक ही हैं। बहुवचन का भाव क्रिया के द्वारा प्रकट किया जाता है।

यथा जो बैठा है
जो बैठे हैं।

कर्म में प्राय: एक वचन में जिसे और बहुवचन में जिने का प्रयोग होता है।

" जिसे देखो वोई नवाब बना फिरे है ।

उसी भाँति Co- Relative Pronoun के रूप भी हैं –

	ए०व०	ब०व०
मूलरूप	जिस	जिन
विकृत रूप	उस	उन

सम्बन्ध वाचक तथा Co-relative दोनों का प्रयोग सार्वनामिक विशेषण के रूप में भी होता है। जब वे किसी संज्ञा के पूर्व हों।

यथा जो छोड़ा मुझ से बोला
भाई तू किदर जायगा ।

वो आदमी मुझ से बोला
भाई तू किधर जा गा ।

प्रश्न वाचक

ए०व०	ब०व०
कौन	कौन
क्या	क्या (अप्राणीवाची)
किस	किन

आदर सूचक का प्रयोग या तो बहुवचन की क्रिया का प्रयोग एक वचन के साथ करके होता है या अतिरिक्त शब्द सब जोड़ दिया जाता है

अनिश्चयवाचक सर्वनाम

ए०व०	ब०व०
कोई	कोई (कोई आयके है ।)
किसे	किसे (किसी को बुला है)

एक वचन तथा बहुवचन का भाव क्रिया से प्रकट किया जाता है । किन्तु इसके साथ (he) जोड़ने की परिस्थिति भी लगभग अवश्य लगाया जाता है । बल तथा जोर देने के लिए भी इसका प्रयोग होता है ।

कुछ (Any thing.) का कोई विकृत रूप नहीं होता है । 'कुछ भेजो जी' 'कुछ को तो मैंने ई बता दिया था '

संयुक्त सर्वनाम

जबकि दो सर्वनाम संयुक्त होकर एक ही अभिव्यक्ति बनकर प्रकट होते हैं । यथा -

जो कोई जाको चाये

Euphatic form — कुछ ऐसे शब्द जो किसी दूसरे शब्द के साथ जुड़कर उसमें जोर ला देते हैं —यथा भी व

सार्वनामिक विशेषण

सर्वनाम	Manner		Pro. Adj of Quality	Pro. Adj of Time	Pro. Adj of Place	Pro. Adj of Direction	Remarks
Pronoun	Pro Adj	Pro. Adverb					
निश्चयवाचक							
निकट	ये बैसा	ऐसे	इत्ता	अभी, अब	इयां, यां	इदर	① सार्वनामिक विशेषण जब किसी Substantive के पहले सर्वनाम का प्रयोग होता है
दूरस्थ	वो वैसा	वैसे	उत्ता		उवां वां	उदर	
संबंध वाचक	जो जिसका	जैस्से	जित्ता	जब	जहां, जहां ज्ञां	जिदर जिधर	② सार्वनामिक क्रिया विशेषण क्रिया के पूर्व आते हैं।
तत्संबंधवाचक	वो वैस्सा	वैस्से	वित्ता		वां, उवां	विदर विधर	
प्रश्न वाचक	कौन वैसा	कैसे	कित्ता	कब	कौं	किदर किधर	

विशेषण

लिंग :-

विशेषण में दो लिंग होते हैं । पूर्वी बोलियों से भिन्न इस बोली में लिंग भली भांति स्पष्ट होता है । यदि शब्द आकारान्त है ~~

यथा — " मोट्टा घोट्टा, मोटी घोड्ढी "

लेकिन कभी में इस प्रकार का स्पष्ट लिंग भेद नहीं होता है —

यथा - म्दार घोड़ा , म्दार घोड़ी

रचना

जब कि विशेषण आकारान्त है तो उसमें ई जोड़कर स्त्रीलिंग बनाया जाता है । ठंढा पाणी, ठंडी हवा

किंतु जब विशेषण ईकारान्त होते हैं या व्यंजनांत होते हैं तो रूप परिवर्तन नहीं होता है ।

यथा - भारी घोड्डा , भारी लड़की

वचन नियमानुसार विशेषण में भी दो वचन होते हैं । विशेषण का वचन संज्ञा के वचन के अनुसार बदलना चाहिये । किन्तु यहां भी आकारान्त विशेषण ही संज्ञा के अनुसार वचन परिवर्तन करते हैं ।

अच्छा घोड्डा अच्छे घोड्डे

किन्तु अन्य स्वरों में अन्त होने वाले विशेषण या व्यंजनान्त विशेषण संज्ञा के वचन के अनुसार नहीं बदलते हैं ।

भारी घोड्डा भारी घोड्डे

टिप्पणी –

जब कि कोई विशेषण संज्ञा के समान प्रयुक्त होता है तब रूप रचना में वही नियम लगते हैं

वहां बहौत से घोड़े थे उनमें से कालों कृ चुन लिया

रूप –

विशेषण का एक ही रूप (मूल) होता है विकृतरूप भी होता है जब कि आकारान्त हो – व

काला काले

उंचो उचे

Degree of Composition :-

कोई ऐसे प्रत्यय नहीं हैं जिनमें जोर देने से Compusion प्रकट हो सके। कुछ मुहावरे में जिनसे उसका भाव हो जाता है।

यथा - जादा , बहौत, तन और कम , सबसे जादा

सब में, सबसे , सब में कम

जोर देने के लिये कहीं शव्द जोड़ दिया जाता है –

वो लौह्डा तो कहीं जादा बड़ा है।

पूर्णसंख्या इसमें बीस के बाद की संख्यायों को गिन्न के लिये एक दर्शनीय पद्धति है –

२८ - बीस और आठ

४७ को चालीस तथा सात

अपूर्ण संख्या –

इसमें दो लिंग -- स्त्रीलिंग तथा पुल्लिंग होते हैं। स्त्रीलिंग की रचना में आ कारान्त को इकारान्त कर देते हैं

पेला, दूसरा, तीसरा, चौत्था

चार के बाद की संख्याओं में ओं लगाकर बनाया जाता है –
पांच्चवाँ छटा वाँ सातवां आठवां

आवृति वाचक :- पाव, आधा पौन सवा, डेढ़ा, साढे अढ़ाई

गुणा बोधक :- पूर्ण में गुणा जोड़ने से बनते हैं – दुगुणा, तिगुणा

निश्चित संख्या वाचक :- इकला, दोनों तिन्नो चारों आदि ।
कैष के रूप ओ लगाने से बनते हैं ।
पांचों छओं सातों

अनिश्चित संख्या वाचक :- ५० की नीचे की संख्याओं में इयों जोड़कर –
दसियों, बीसियों पच्चीसियों

किन्तु सौ के ऊपर की संख्याओं में ओं जोड़कर बनाया जाता है । सैकड़ों, हजारों, आदि ।

क्रिया

वचन

वचन के उचित प्रयोग पर ध्यान दिया जाता है । कभी ही एक वचन की क्रिया के साथ बहुवचन होता है । केवल समानार्थक शब्दों में ही प्रयुक्त होता है । कर्ता चाहे सर्वनाम ही क्यों ना हो किन्तु एक वचन के साथ एक वचन क्रिया ही आयेगी ।

धातु

क्रिया के रूप में न्ना और ना जोड़कर - क्रिया का धातु रूप बनता है। साधारणतया एकाक्षर धातुओं में न्ना तथा बहु अक्षरात्मक धातुओं में ना जोड़ा जाता है।

Imperfect Participles :— इसके तीन रूप हैं —

१. द्वित्व व्यंजन + ऊ
२. द्वित्व व्यंजन + ए
३. द्वित्व व्यंजन + ओ

काल रचना में भिन्न भिन्न रूप इस प्रकार बनते हैं —

१. प्रथम - उत्तम पु० में मैं ए०ब० में प्रयुक्त होता है।
मैं - देक्खूं हूं । मैं डाल्लूं हूं

२. द्वितीय - मध्यम पुरुष एकवचन में प्रयुक्त होता है। उत्तम पुरुष, अन्य पुरुष ,अन्य ए०बचन तथा बहु बचन में प्रयुक्त होता है —
हम देक्खे हैं ।

घ तृतीय - मध्यम पुरुष बहुवचन में प्रयुक्त होता है —
तुम देक्खो हो

Perfect Participles :-

व्यावहारिक रूप से सभी पुरुष तथा सभी बचन में आकारान्त होता है। किन्तु जब धातु एकाक्षर होती है और आकारान्त होती है तब आ के पूर्व य जोड़ा जाता है।

खाया, जलाया, आदि किन्तु यह नियम सदैव नहीं है।

Conjuctive Participles :—

धातु में कर ' और के लगाकर बनते हैं —
यथा - नया कर क , पा कर क भगह के

सहायक क्रिया —

होना (होन्ना)

सहायक क्रिया-होना (होन्ना)

Present Indicative		Past Indicative	
ए०ब०	ब०व०	ए०ब०	ब०व०
हूँ	हैं	था	थे
है	हौ	था	थे
है	हैं	था	थे

टिप्पणी —

१, स्त्रीलिंग रूप आ आ नो इ और ए में बदल देते हैं ।
२, हों रूप केवल मुरादाबाद की बोली में सुनाई पड़ता है ।
रामचन्दर आयौ है।

Present Conjuctive		Past Conjuctive		Imperative	
ए०ब०	ब०व०	ए०ब०	ब०व०	ए०व०	ब०व०
हौऊं	होवै	होता	होते	हौऊं	हों, होवै
होवै	हो, होन्ना	होता	होते	हो, होइयो	हो, होइयो
होवै	होवै	होता	हो ते	हो	हों

टिप्पणी —

व्यवहार रूप से आज्ञा का प्रयोग उत्तम पुरुष में नहीं के बराबर ही होता है ।

साधारण काल — देखना क्रिया

ए० व०	ब० व०
देक्खा	देक्ख्या

टिप्पणी — कभी कभी ओकारान्त भी हो जाते हैं — गिर् पड्यौ

२. कर्म के अनुसार लिंग बदल जाता है —

व > ी   दैखी

Future Indicative :-

ए०व०	ब०व०
दैक्खू दैखूँगा	दैखैंगे
दैक्खैगा	दैक्खैंगे

टिप्पणी

① मध्यम पुरुष एकवचन में कभी कभी — खावैगा ।

② स्त्रीलिंग होने पर गा के स्थान पर गी हो जाता है ।

Present Conjuctive :-

ए.व.	ब.व.
दैक्खू	दैक्खै
दैक्खै	दैक्खौ

Past Conjuctive :-

ए.व.	ब.व.
दैक्ता	दैक्ते

टिप्पणी —

स्त्रीलिंग के साथ प्रत्येक एक वचन में तथा अन्य पुरुष के बहुवचन में भी अन्तिम स्वर को "ई" में बदल देने से बनता है । मध्यम पुरुष के बहुवचन में ए में तथा उत्तम पुरुष के बहुवचन में अपरिवर्तित रहता है ।

Imperative :-

ए०व०	ब०व०
दैक्खू	दैक्खै
दैक्ख,	दैक्खै , दैक्खौ
	दैक्खियौ
दैक्खै	

(दैक्खियौ, दैक्खियै)

टिप्पणी :—

दैखियै तथा दैक्खियौ से भविष्य की ओर भी संकेत होता है ।

Periphrastive Tense :-

किसी प्रधान क्रिया के Present Participle तथा Past Participle वाले रूपों में सहायक क्रिया जोड़कर बनाये जाते हैं ।

Imperfect Indicative

ए०व०	ब०व०
दैक्खूं हूं	दैक्खै हैं
दैक्खै है	दैक्खौ हौ
दैक्खै है	दैक्खै हैं

Past Imperfect Indicative

ए०व०	ब०व०
दैक्खूं था	दैक्खूं थे
दैक्खै था	दैक्खौ थे
दैक्खै था	दैक्खै थे

(टिप्पणी - जावे है)

Present Imperfect Conjuctive

दैक्खूं हू	दैक्खै हैं
दैक्खै हैं	दैक्खौ हौ
दैक्खै है	दैक्खै हैं

Present Perfect Indicative

एक बचन एवं बहु बचन

दैक्खा है

दैक्खी है

Past Perfect Indicative

दैक्खा था

Past Perfect Conjuctive

दैक्खा हौ

Future Perfect Indicative

दैक्खा होगा

टिप्पणी

Past Perfect Conjuctive यही केवल एक रूप है जो सभी पुरुषों में सभी बचनों में सभी लिंगों में प्रयुक्त होता है।

टिप्पणी — साहित्यिक हिन्दी से भिन्न इस बोली में कुछ कालों के रूप नहीं हैं।

Present · Indicative :-

इसके बदले सदैव Present · Continuous का प्रयोग होता है। यदि कहीं यह प्रयुक्त भी होता है तो आश्चर्य स्वभाव ऐतिहासिकता प्रकट करने के लिये होता है।

२. Future · Imperfect Indicative :- यह कभी प्रयुक्त ही नहीं होगा

३. Past Perfect Conjuctive :-

इसका भी कोई निश्चित क्रियात्मक रूप नहीं है। इसके स्थान में साधारण Past · Tense का प्रयोग करेंगे -

जो मैं ले रई थी तो तुम ने क्यों मने किया ।

Infinitives :-

तीन प्रकार के प्रयुक्त होते हैं — प्रत्येक क्रिया के ये तीनों रूप हो सकते हैं

१. न और ण
२. ना
३. नै

Noun of Agerey :- मैं वाला लगा देने से

Passive & Causative :-

कर्म वाच्य वाला रूप व्यावहारिक रूप से नहीं प्रयुक्त होता है। प्रेरणार्थक का प्रयोग होता है। किन्तु double · Causative का प्रयोग नहीं होता है। साधारणतया आ लगाकर - यथा

पिला के पिटना

Compound · Verb :- उठ बैठना आदि

टिप्पणी — १. इस बोली में रह लगाकर भी Imperfect Indicative के रूप बनते हैं - खा ; रआ ऊँ-

२. आना जाना, खाना पीना आदि कुछ मुहावरे हैं। संयुक्त

क्रिया की रचना धातु में - जाखा, लेखा , देना, वेठ्या आदि रूप लगाने से बनते हैं ।

अव्यय (क्रिया-विशेषण)

क्रिया विशेषण का प्रयोग इस बोली में कम है । क्रिया में जोर लाने के लिए उनके और विधान हैं ।

यथा - जल्दी आ के लिइ अरे आज बाई

१. स्थानवाचक क्रियाविशेषण	यीं यां इदर उदर म्यहां मां जहां जिदर , विदर उन्है किधे सब तरफ,आगाडी परै
२. काल वाचक "	अबी, तबी, जब, रोज, तड़के, इतना
३. परिमाण वाचक "	बहोत ज्यादा बिता कित्ता घणां
४. कारण वाचक "	क्यूंकर, जैसे क्यूं
५. संख्या वाचक "	दच्चे और बार को रंगचा में जोडकर
६. रीति वाचक "	ऐसे वैसे, सभी , जभी तरा, तरिया
७. संयुक्त क्रिया विशेषण	इदर, उदर, यांकई

कर्ता- नै

अपादान मै कर्म - को कू से सेती

संबंध का के की करण - से

अधिकरण में,पे,में,उप्पर सम्प्रदान - को रूपान्तर

संबोधन - औरे, रे, अरे, अरी

विस्मयादि बोधक - हा हाय

वापरे गजब मरजा

खड़ी बोली

आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं में खड़ीबोली का अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान है। यह भारत की प्रधान साहित्यिक भाषा एवं राष्ट्र भाषा का मूल रूप है खड़ीबोली के मूल स्रोत के सम्बन्ध में विद्वानों में बड़ी भ्रामक धारणायें रही हैं। सर जार्ज ग्रियर्सन द्वारा प्रतिपादित आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं के मूल में किसी न किसी अपभ्रंश की मान्यता भी आज विवाद का विषय है। डा० तगारे के मतानुसार प्रत्येक आधुनिक भारतीय आर्य भाषा के मूल में अपभ्रंश का विचार कल्पनात्मक है जब तक लिखित साक्ष्यों के आधार पर इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। शौरसेनी अपभ्रंश से खड़ीबोली की उत्पत्ति के सम्बन्ध में महापंडित राहुल सांकृत्यायन, डा० धीरेन्द्र वर्मा, पं० किशोरीदास वाजपेयी प्रभृति भाषाविदों का मत बिलकुल नकारात्मक है। उपर्युक्त विद्वानों के विचारों का अध्ययन करने से यही निष्कर्ष निकलता है कि शौरसेनी अपभ्रंश से खड़ीबोली का विकास मानना अस्वाभाविक प्रतीत होता है। कारण कि शौरसेनी अपभ्रंश का क्षेत्र शूरसेन जनपद रहा है जबकि खड़ीबोली कुरुदेश में विकसित हुई। डा० हरिश्चन्द्र शर्मा ने खड़ी-बोली की उत्पत्ति के लिये कौरवी अपभ्रंश का सुझाव दिया है किन्तु जहाँ तक लिखित साक्ष्य का प्रश्न है इतिहास इस सम्बन्ध में मौन है यद्यपि यह सत्य है कि अनेक सभी बोलचाल की भाषायें रही होंगी जिनके अवशेष भी आज हमें प्राप्त नहीं। अतः कौरवी अपभ्रंश के अस्तित्व के सम्बन्ध में क्या कहा जाये। संस्कृत काल से लेकर तीसरी व चौथी शताब्दी तक भाषा संस्कृति तथा सभ्यता के क्षेत्र में कुरुदेश सम्पूर्ण आर्यावर्त का मार्ग दर्शक बना रहा किन्तु उसके बाद से १२ वीं शताब्दी तक राजनैतिक दृष्टि से यह प्रदेश उपेक्षित रहा। हो सकता है इस काल के बीच कुरुदेश की भाषा राज-सत्ता का आश्रय न पा सकने के कारण प्रकाश में न आ पायी और इतिहास उसकी ओर से उदासीन बना रहा।

तथ्य यह है कि बोलचाल की भाषा तो अनवरत रूप से प्रवहमान रहती

है । किसी भी साहित्यिक भाषा से बोलचाल की भाषा का विकास मानना सर्वथा असंगत है । बोली से ही भाषा का विकास होता है । साहित्यिक भाषा कृत्रिम तथा जन सामान्य के लिये दुर्वह एवं दुरूह बन जाती है किन्तु बोलचाल की भाषा अक्षुण्ण गति से आगे बढ़ती रहती है । ध्वनि पद शब्द अर्थ एवं प्रयोग की दृष्टि से बोलियाँ भी अप्रभावित नहीं रहतीं । समकालीन साहित्यिक भाषा से ये कुछ न कुछ ग्रहण करती रहती हैं । यह अंश आगे चल कर बोलियों में विकास और संबंध का निर्धारण करता है । भाषा विकास के द्वितीय काल में कुरु जनपद राजनैतिक दृष्टि से उपेक्षित रहा । बहुत सम्भव है इसी कारण वहाँ की जन भाषा साहित्य गौरव से वंचित रही और उसका उल्लेख कहीं भी नहीं मिलता । किन्तु जन सामान्य में बोलचाल की भाषा का विकास होता रहा और अद्यतन रूप खड़ी-बोली के रूप में सामने आया । कुछ विद्वान पश्चिमी हिन्दी बोलियों की उत्पत्ति (खड़ीबोली) नागर अपभ्रंश से मानते हैं जो शौरसेनी और महाराष्ट्री का मिश्र रूप है --'नागरत्तु महाराष्ट्री शौरसैन्योस्तु संकरात्'

ग्यारहवीं शताब्दी में अपभ्रंशों के साहित्य भाषा के पद से अपदस्थ होने के संकेत मिलने लगते हैं । यही वह समय था जब मुसलमानों के छुटपुट आक्रमण भारत पर निरन्तर होने लगे थे । ये अस्थायी आक्रमण न थे वरन भारत को अपने अधीन कर उस पर शासन करने का उनका दृढ संकल्प था । भारत के पश्चिमी भाग पर उनका कब्जा हो जाने से जो एक महत्वपूर्ण बात हुई वह भी शासन कार्य एवं दैनिक कार्य व्यापार के लिए स्थानीय बोली का ग्रहण ।

मुसलमान सुलतानों के दिल्ली पर आधिपत्य जमा लेने के बाद खड़ी-बोली को विकास का अच्छा अवसर प्राप्त हो गया । खड़ीबोली उनके दैनिक व्यवहार की भाषा बनी । हाँ उसमें अरबी फारसी शब्दों का छिड़काल तो अवश्य ही प्रारम्भ हो गया । डा० पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल का कहना है कि 'मुसलमानों की विजय खड़ीबोली की विजय सिद्ध हुई । वे जहाँ जहाँ गये उर्दू के रूप में उसे साथ लेते गये ।' मुसलमानों के राज्य विस्तार के साथ खड़ीबोली का व्यापक प्रचार प्रसार हुआ और शनैः शनैः वह भारत के प्रधान नगरों एवं व्यापारिक केन्द्रों की भाषा बन गई । अरबी फारसी शब्दों के घालमेल से भाषा का जो प्रारम्भिक

स्वरूप सामने आया उसे रेख्ता कहा गया । मुहम्मद बिन तुगलक की सनक के कारण जब ~~देवगिरि~~ दौलताबाद राजधानी बना तो दिल्ली की समस्त जनता दौलताबाद जा बसी । दिल्ली की यही रेख्ता दक्षिण में पहुंचकर दक्खिनी कहलायी । एक बात यहाँ और कह देनी आवश्यक है कि खड़ीबोली के विकास में मुसलमानों के योगदान की जो अतिरंजना की जाती है तथ्य कुछ इससे भिन्न हैं । यद्यपि यह सत्य है कि खड़ीबोली को विकास का अवसर मुसलमानों के भारत आगमन के बाद ही मिला किन्तु मुसलमानों ने खड़ीबोली को जानबूझ कर नहीं उठाया यह तो उसकी सजीवता एवं जीवन्त शक्ति का प्रतीक था जो स्वत: अपना विकास करती जा रही थी । शासन कार्यों की भाषा उनके राज्यकाल के अन्त तक फारसी ही बनी रही । खड़ीबोली तो जन सामान्य के दैनिक कार्य व्यापार एवं व्यवहार की भाषा थी ।

डा० पीताम्बरदत्त बड़थ्वाल ने बोलियों की प्राचीनता के सम्बन्ध में दाक्षिण्याचार्य कृत कुवलय माला कथा (सन् ७७८ ई०) में वर्णित एक हाट में मध्य-देश से आये एक बनिये के मुंह से तेरे मेरे आ उन निकली भाषा से है ।

खड़ी बोली की उत्पत्ति के सम्बन्ध में विद्वानों ने अधिकतर अनुमान एवं कल्पना से ही काम लिया । फलस्वरूप इसकी उत्पत्ति के प्रश्न पर अनेक भ्रामक एवं परस्पर विरोधी विचार प्रस्तुत किये गये । इसके प्रमुख कारणों में से तात्कालीन शासकों की भाषानीति का भी उत्तरदायित्व कम नहीं है । दिल्ली पर मुसलमान शासकों के आधिपत्य और इसमें अरबी फारसी शब्दों के घालमेल के कारण कुछ विद्वानों ने इसको उर्दू सापेक्ष बताया है । उर्दू से खड़ीबोली की उत्पत्ति बताते हुए प्रथम लेखक गार्सां द तासी (१८३९ ई०) थे । तासीं महोदय ने उक्त कथन के फलस्वरूप परवर्ती विद्वानों को कल्पना करने का अच्छा अवसर प्राप्त हो गया और उन्होंने खड़ीबोली की उत्पत्ति सीधे सीधे उर्दू से मान ली । इस वर्ग के विद्वानों में एफ० ई० के प्रोफेसर हक ,राजा शिवप्रसाद सितारेहिन्द 'जगन्नाथ दास रत्नाकर, चन्द्रधर शर्मा गुलेरी, लाला भगवान दी, आचार्य कामताप्रसाद गुरु आदि के नाम उल्लेखनीय है । खड़ीबोली की उत्पत्ति के सम्बन्ध में कुछ विद्वानों में जो दूसरे प्रकार का भ्रम था वह यह कि उन्होंने

खड़ीबोली को या तो ब्रजभाषा से उत्पन्न बताया था या उसकी उत्पत्ति ब्रज-भाषा और पंजाबी अथवा ब्रजभाषा और उर्दू के मेल से बतायी है । इस प्रकार के भ्रम का कारण काव्य के क्षेत्र में ब्रजभाषा और खड़ीबोली का विवाद रहा है । ब्रजभाषा के कट्टर समर्थक काव्य में खड़ीबोली के प्रयोग को अवांछनीय एवं अनुपयुक्त बताते रहे और उसके विरोध में जो कुछ भी वह कह सकते थे कहा । दूसरे खड़ीबोली के विकास काल के पूर्व ब्रजभाषा में एक विशाल तथा समृद्ध साहित्य की सर्जना हो चुकी थी । लल्लूलाल जो कि खड़ीबोली गद्य के प्रथम लेखक माने जाते रहे ने अपने प्रेमसागर में भाषा का जो स्वरूप प्रस्तुत किया वह निश्चित रूप से ब्रजरंजित है । सम्भवतः इसलिये विद्वानों ने अनुमान लगाया कि खड़ीबोली ब्रज-भाषा से उत्पन्न एवं उसकी पुत्री है । इन विद्वानों में सर्वश्री मौलाना मुहम्मद हुसैन ,गोस्वामी गोचरण जगन्नाथदास रत्नाकर, बालमुकुन्द गुप्त पंडित शिव-रत्न शुक्ल सिरस आदि प्रमुख हैं । एक वर्ग ऐसा भी था जो खड़ीबोली को कृत्रिम तथा गढ़ी हुई भाषा मानता रहा । इस वर्ग के विद्वानों में प्रमुख अंग्रेज भाषाविदों — विशेषतया जार्ज ए० ग्रियर्सन और आर० डब्ल्यु० फ्रेजर को लिया जा सकता है । वस्तुतः यह काल ऐसा था जबकि अंग्रेज संपूर्ण भारत पर अपनी कूटनीति से शासन कर रहे थे । वे शासन में दोहरी नीति अपनाकर हिन्दू मुसलमानों के बीच सामा-जिक तनाव उत्पन्न कर खड़ीबोली के आविष्कार का श्रेय स्वयं लेना चाहते थे । उर्दू हिन्दी विवाद जो वर्षों से चला उसमें इन अंग्रेज कूटनीतिज्ञों का हाथ कम न था ।

किन्तु वैज्ञानिक आधार पर आज उपर्युक्त मतों का खण्डन किया जा चुका है । भाषाविज्ञानियों और उर्दू साहित्यकारों की मान्यता ठीक इसके विपरीत है उनका कथन है कि भारत में मुसलमानों के आगमन के पूर्व खड़ीबोली अस्तित्व में थी-भले ही इसका नामकरण बहुत बाद में हुआ हो । चिट्ठी पत्री व्यापार व्यव-हार आदि के रूप में खड़ीबोली का ही प्रचलन था । यही वह भाषा थी जो समूचे मध्यदेश में सरलतापूर्वक समझी जा सकती थी । विदेशी शब्दों से भाषा को एक नया रूप मिला और यही रूप कालान्तर में उर्दू नाम से अभिहित किया जाने लगा । मि० ओरविट्ज कहते हैं — "यह आश्चर्य की बात नहीं है कि हिन्दी अधि-

काधिक फारसीमय हो गयी । मुगलों ने हिन्दुओं पर विजय पायी पर हिन्दी की विजय उससे भी बड़ी थी । उसने असभ्य विजेताओं को जीत लिया । एक पीढ़ी के बाद हिन्दी जबान तैमूर के अनुयायियों के कैम्प में स्थापित हो गयी । उन्होंने आवश्यकता नुसार हिन्दी को नये साँचे में ढाल लिया और उसे उर्दू भाषा अर्थात् कैम्प की भाषा कहा । एस० डब्ल्यू फैलन ब्लाकमैन, हिन्दुस्तानी के अध्यक्ष जे०टेलर एवं परीक्षक जे० रोएबक , डा० सुनीतिकुमार चटर्जी, डा० रामबाबू सक्सेना आदि विद्वानों ने उर्दू की तुलना में खड़ी बोली की प्राचीनता सिद्ध की है । तथ्य यह है कि खड़ीबोली का विकास स्वतंत्र रूप से हुआ । आधुनिक भारतीय आर्यभाषी बोलियों की तरह यह भी विकास की एक स्थिति है । १७ वीं शताब्दी के पूर्व उर्दू का अस्तित्व ही नहीं था जबकि ७ वीं ८ वीं शताब्दी में खड़ीबोली में रचे गये ग्रन्थों का उल्लेख किया जा चुका है । डा० शितिकंठ मिश्र के शब्दों में, — "उर्दू से हिन्दी का विकास कभी सम्भव नहीं बल्कि ऐसा मानना नितान्त अस्वाभाविक है । उर्दू स्वयं खड़ीबोली के आधार पर विकसित हुई । उसी में से हिन्दी संस्कृत के शब्दों का हटाकर अरबी फारी प्रयोग करने पर आज की उर्दू बनी है ।

दूसरे ब्रजभाषा से खड़ीबोली का विकास मानने का प्रमुख कारण ब्रजभाषा और खड़ीबोली का विवाद ही कहा जा सकता है । लेकिन यह युक्तिसंगत नहीं है क्योंकि खड़ीबोली का प्रचलन बहुत पहले से था जबकि ब्रजभाषा का नाम भी कोई नहीं जानता था । डा० चन्द्रबली पाण्डेय का कथन है कि " इन भाषाओं के विकास का जो मैंने अध्ययन किया है उससे मैं इस नतीजे पर पहुंचा हूं कि हिन्दुस्तानी खड़ी वह भाषा थी जिसका साहित्यिक भाषा के रूप में सबसे पहले विकास हुआ । दूसरी तरफ १६ वीं सदी से इपहले की ब्रजभाषा का इतिहास बहुत ही शंकास्पद है । डा० कपिलदेव सिंह का कहना है कि यदि खड़ीबोली की उत्पत्ति सीधे ब्रजभाषा से हुई होती तो आज मथुरा वृन्दावन जो ब्रजभाषा का केन्द्र है में हम खड़ीबोली का ही प्रचार पाते । परन्तु ब्रजभाषा का साम्राज्य अब भी अपने क्षेत्र में बना हुआ है और वह वहाँ की साधारण जनता की भाषा है । "वस्तुत: खड़ीबोली कुरु प्रदेश की अपभ्रंश का विकसित रूप है जिसका बोलचाल के रूप में काफी

........अर्से से प्रयोग होता चला आ रहा है ।

तीसरे खड़ी बोली को कृत्रिम तथा अंग्रेजों द्वारा आविष्कृत मानने का प्रमुख कारण अंग्रेज भाषाविदों की भाषा सम्बन्धी कूटनीति ही कहा जा सकता है । यद्यपि यह सत्य है कि लल्लूलाल जी से पूर्व किसी ने भी हिन्दुस्तानी को खड़ीबोली नहीं कहा पर उसमें रचनायें बहुत पहले से प्रचलित थीं ।

"अपभ्रंश काल (१० वीं से १४ वीं शती तक) जैन आचार्य बौद्ध सिद्धों नाथ पंथियों चारणकवियों आदि वीर रचनाओं को देखने से यह स्पष्ट हो जाता है कि उनमें खड़ीबोली का अस्तित्व बीजरूप में उसी प्रकार पाया जाता है जिस प्रकार ब्रज अवधी पंजाबी आदि भाषाओं का । यह कहना एकदम निराधार है कि खड़ीबोली का आविष्कार लल्लूलाल जी ने गिलक्राइस्ट की प्रेरणा से किया क्योंकि १६ वीं शताब्दी में संत प्राणनाथ प्रणीत कुलजमस्वरूप नामक ग्रन्थ में मध्यकालीन खड़ीबोली हिन्दी या हिन्दुस्तानी का प्रयोग हुआ है । रामप्रसाद निरंजनी का योगवासिष्ठ (१७४१ ई०) परिष्कृत हिन्दी में जिसमें संस्कृत के तत्सम शब्दों का भी प्रयोग हुआ है तथा दौलतराम का "जैन पद्मप्रमाण (१७६१ ई०) जो अरबी फारसी के शब्दों से सर्वथा मुक्त है पहले से ही मौजूद थे जबकि अंग्रेजों का राज्य हिन्दी प्रदेश पर स्थापित भी नहीं हुआ था । रेख्ता के कवियों -- सादी बखशी अफजल, दर्वेस वली आदि की रचनाओं में खड़ीबोली के प्रचुर तत्त्व विद्यमान हैं ।

जहाँ तक खड़ीबोली में गद्य रचना का प्रश्न है लल्लूलाल जी से पूर्व संत प्राणनाथ तथा लालदास प्रणीत अनेक गद्य ग्रन्थ खड़ीबोली में हैं ।

साधु गुलाब सिंह (१८ वीं शताब्दी) का गद्य प्रेमसागर से अधिक पुष्ट है -" श्री रामराम में जो कुतर्क करते हैं सो नरक जायगे । श्री रामराम आमृत को धाम है । जौन मुरख निन्दा करते हैं सो महापापी हैं,सोई राखश महानीच हैं ।"

इस प्रकार हम देखते हैं कि लल्लूलाल जी से पूर्व खड़ीबोली में बहुत कुछ लिखा जा चुका था । कारण भी स्पष्ट है कि अगर अंग्रेजों से पूर्व खड़ी-बोली का नामोनिशान तक न था तो लल्लूलाल को प्रेरणादेने वाले गिल-क्राइस्ट महोदय को ऐसी भाषा का इल्हाम कैसे हुआ । बाबू श्यामसुन्दर-दास ने तो स्पष्ट ही कह दिया है कि " यदि लल्लूलाल जी नयी भाषा गढ़ रहे थे तो क्या आवश्यकता थी कि उनकी गढ़ी हुई भाषा उन साहबों को पढ़ाई जाती जो उस समय केवल इसी अभिप्राय से हिन्दी पढ़ते थे कि इस देश की बोली सीखकर यहां के लोगों पर शासन करें । डा० ताराचन्द ने हिन्दु-स्तानी की व्याख्या करते हुए स्पष्ट लिखा है कि "हिन्दुस्तानी कोई मन-गढ़न्त भाषा नहीं है । यह वही खड़ीबोली है जिसे दिल्ली और मेरठ के आसपास के रहने वाले बहुत पुराने वक्तों से बोलते चले आ रहे हैं ।" पं० हजारीप्रसाद द्विवेदी का कहना है कि " यह कहना कि खड़ीबोली में गद्य लिखने का प्रारम्भ लल्लूलाल जी आदि ने अंग्रेजों की प्रेरणा से किया एकदम निराधार तथा गलत है । बहुत पहले से खड़ीबोली में आज की हिन्दी के समान गद्य लिखा जाता था । वह व्यवहार की भाषा थी और विशुद्ध संस्कृत शैली में उसमें पत्र लिखे जाते थे ।

तथ्य यह है कि अंग्रेज जब भारत आये उस समय तक हिन्दुस्तानी खड़ी राजकीय और अन्तर्प्रान्तीय व्यवहार की भाषा बन चुकी थी और सारे देश में व्यापक रूप से इसी भाषा में विचार विनिमय आदान-प्रदान एवं पत्र-व्यवहार का कार्य सम्पन्न होता था । समग्र भारत पर अपना आधिपत्य जमा लेने के बाद राजकार्य संचालन के लिये अंग्रेजों का भाषा की ओर ध्यान देना स्वाभा-विक था । उन्होंने इसी व्यापक महत्ता को स्वीकारा तथा शिक्षा एवं राज्य कार्य के लिये इसी भाषा को माध्यम बनाया ।

नामकरण प्रयोग एवं अर्थ

खड़ी बोली नाम वस्तुत: एक जटिल एवं विवादास्पद प्रश्न रहा है। अभी तक उपलब्ध सामग्री के आधार पर "खड़ीबोली" नाम का सर्वप्रथम प्रयोग लल्लूलाल जी के प्रेमसागर की भूमिका में मिलता है। बोली के अर्थ में इस नाम का उल्लेख १६ वीं शती के प्रारंभ में लल्लूलाल जी ने दो बार सदल मिश्र ने दो बार और गिलक्राइस्ट ने २ बार किया है। किसी भी भाषा के नामकरण का आधार उस भाषा विशेष का क्षेत्र होता है अथवा उसका गुण। वस्तुत: खड़ी शब्द बोली विशेष का गुणबोधक विशेषण ही है।

खड़ीबोली नाम के प्रयोग अर्थ एवं रूप के सम्बन्ध में विद्वानों में बड़ा मतभेद रहा है। लल्लूलाल जी तथा सदल मिश्र ने प्रेमसागर नासिकेतोपाख्यान एवं रामचरित में खड़ीबोली शब्द का ही प्रयोग किया है किन्तु प्रेमसागर के मुखपृष्ठ पर रोमन लिपि में "खरी" शब्द ही मुद्रित है। रोमन लिपि में ड़ र अभेद मूलक है। संभवत: खड़ी और खरी को समानार्थक समझने के भ्रम का आधार यही था। उर्दू से शुद्ध करके गढ़ी हुई कृत्रिम भाषाशैली होने का भ्रम सबसे पहले तासी महोदय ने शुरू किया। ई०बी० इस्विथ को भी कुछ ऐसा ही भ्रम हुआ और उन्होंने खड़ी को खरी मानकर उसका अर्थ दूजेनुइन और प्यार किया। केलॉग ने भी "खरी" के आधार पर उसे कहा। जान प्लैट्स ने इसे वल्गर बोली की संज्ञा प्रदान की। विदेशी विद्वानों के प्रभाव से पं० सुधाकर द्विवेदी तथा बदरी नारायण चौधरी प्रेमघन ने भी खड़ी को खड़ी का पर्याय समझ लिया। यद्यपि जान प्लैट्स के वलगर शब्द का अर्थ गंवारू नहीं था तथापि प्रोफेसर हक ने इसे गंवारी बोली कहा। फलत: सर सैयद अहमद खां और अन्य उर्दू समर्थक इसे काफी अर्से तक गंवारू ही कहते रहे। डा० टी० ग्राहम बेली ने खड़ी और खरी में स्पष्ट भेद किया और खड का अर्थ प्रचलित एवं सुस्थिर बताया। श्री माताबदल जायसवाल एवं या० शितिकंठ मिश्र बेली के मत से सहमत होते हुए भी क्रमश: परिष्कृत परिनिष्ठित तथा ओजपूर्ण, निर्मल अतिरिक्त अर्थ जोड़े हैं। डा० चन्द्रबली पाण्डेय ने इस्टविक द्वारा प्रयुक्त जेनुइन शब्द को ही

खड़ी बोली का वास्तविक पर्याय माना और `खरी` का खण्डन करके इसका अर्थ प्रकृत एवं ठेठ किया । व्रजभाषा समर्थकों ने व्रजभाषा में पाये जाने वाली कठोरवर्णता को लक्ष्य करके इसे कर्कश कटु नीरस और खटखटाहट वाली भाषा कहा और इस प्रकार खड़ी की सार्थकता सिद्ध की । लेकिन डा० धीरेन्द्रवर्मा ने हिन्दी भाषा का इतिहास के चतुर्थ संस्करण में व्रजभाषा की अपेक्षा वास्तव में यह बोली (खड़ीबोली) कुछ खड़ी खड़ी खलगती है । उद्धरण को पुस्तक में उड़ा दिया है । लगता है वे स्वयं अपने मत को अब ठीक नहीं समझते । डा० चटर्जी ने लिखा है - `इसे लोग खड़ी बोली कहने लगे थे जबकि व्रजभाषा अवधी आदि अन्य बोलियाँ पड़ी बोली कही जाने लगीं । बुन्देलखण्डी में खड़ी - बोली को `ढाढ़ बोली` (कामताप्रसाद गुरु ) तथा मारवाड़ी में ठाठ बोली (डा० बी०एस० पंडित) कहते हैं । किशोरीदास वाजपेयी ने खड़ी बोली में पायी जाने वाली `खड़ी पाई के आधार पर खड़ी शब्द की सार्थकता सिद्ध की है । वृपरल दास रेख्ता शैली को गिरि पड़ी मानकर उसी के विरोध स्वरूप इसे खड़ी मानते हैं ।

इस प्रकार हम देखते हैं कि `खड़ी ` शब्द को लेकर एक लम्बे अर्से तक विचार विमर्श होता रहा और इसके अनेक भ्रामक एवं परस्पर विरोधी अर्थ प्रस्तुत किये गये । सामान्यतया हम उपर्युक्त मत मतान्तरों की अर्थ के आधार पर अग्रलिखित रूप में रख सकते हैं –

१, उर्दू सापेक्ष (अर्थ - शुद्ध, प्रकृत, ठेठ, गंवारू)
२, व्रजभाषा सापेक्ष (कर्कश कटु नीरस तथा खड खड हरवाली
३, व्रज अवधी आदि ओ,औकारान्त पड़ी बोलियों के विरोध स्वरूप
४, रेख्ता (गिरी पड़ी) शैली के विरोध स्वरूप
५, प्राचीनता के आधार पर (अर्थ - शुद्ध सुस्थिर प्रचलित परिष्कृत परिपक्व ओजपूर्ण निर्मल)

उपर्युक्त विद्वानों के विचारों का मनोयोगपूर्वक अध्ययन करने पर यह स्पष्ट हो जाता है कि खड़ीबोली की निरुक्ति का प्रश्न लगभग अछूता ही रह गया है। उर्दू ब्रजभाषा के माधुर्य अथवा 'पड़ी' बोलियों के विरोध में खड़ीबोली नामकरण के सम्बन्ध में विद्वानों द्वारा बहुत कुछ टीका टिप्पणी की जा चुकी है। यहां उन सबके उल्लेख की आवश्यकता नहीं है। रही खड़ी शब्द के शुद्ध सुस्थिर प्रचलित, परिष्कृत परिपक्व ओजपूर्ण आदि अर्थों की बात। बहुत से विद्वान खड़ी शब्द को इतनी दूर तक घसीटते हैं के पक्ष में नहीं हैं। उनका कहना है कि खड़ी शब्द 'खड़ा' का स्त्री वाची रूप है और खड़ा अंग्रेजी पर्याय धातु है। से बनता है जिसका अर्थ है - मानक आदर्श। अतः प्रतीत होता है कि खड़ी शब्द अंग्रेजी का ही शब्दशः अनुवाद है। डा० सकुमार सेन ने इस सम्बन्ध में अपना मत प्रकट करते हुए बताया है कि यह नाम सर्वप्रथम अंग्रेजों द्वारा फोर्ट विलियम कालेज में स्टैन्डर्ड कोलोकुअल लैंग्वेज के रूप में प्रयुक्त हुआ। डा० हरिश्चन्द्र शर्मा का मत है कि - यह (खड़ीबोली) नाम इस बोली के क्षेत्र में बाहर इसे कलकत्ते में दिया गया। यह नाम संभवतः 'स्टर्लिंग ढंग' या 'स्टैन्डर्ड ढंग' का शाब्दिक अनुवाद था जो लल्लूलाल, सदल मिश्र प्रभृति साहित्यकारों ने गिलक्राइस्ट महोदय के संकेत पर किया था।

खड़ीबोली का विकास

खड़ीबोली की व्युत्पत्ति --

खड़ीबोली की उत्पत्ति के सम्बन्ध में विद्वानों ने अधिकतर अनुमान एवं कल्पना से ही काम लिया है । फलस्वरूप उसकी उत्पत्ति के सम्बन्ध में अनेक भ्रामक एवं परस्पर विरोधी विचार प्रस्तुत किये गये हैं । भाषा विशेष के रूप में खड़ीबोली नाम व्रज अवधी, राजस्थानी आदि भाषाओं की अपेक्षा अर्वाचीन है । दिल्ली पर मुसलमान शासकों के आधिपत्य और इसमें अरबी फारसी शब्दों के घालमेल के कारण कुछ विद्वानों ने इसे उर्दू सापेक्ष बताया उर्दू से खड़ीबोली की उत्पत्ति बताने वाले प्रथम इतिहास लेखक गार्सां द तासी (१८६३ ई) थे[१]। तासी महोदय के उक्त कथन के फलस्वरूप परवर्ती विद्वानों को कल्पना करने का अच्छा अवसर प्राप्त हो गया और उन्होंने खड़ीबोली की उत्पत्ति उर्दू से मान ली । इस वर्ग के विद्वानों में एफ० ई०के० प्रोफेसर इक, राजा शिवप्रसाद सितारे हिन्द जगन्नाथदास रत्नाकर चंद्रधर शर्मा गुलेरी लाला भगवान दीन आचार्य कामताप्रसाद गुरु आदि के नाम उल्लेखनीय हैं ।

पंडित चन्द्रधर शर्मा गुलेरी ने कहा कि खड़ी या पक्की बोली का रेख्ता या वर्तमान गद्य पद्य को देखकर यह जान पड़ता है कि उर्दू रचना में फारसी अरबी तत्सम या तद्भवों को निकालकर संस्कृत या हिन्दी तत्सम और तद्भव रखने से हिन्दी बना ली गई । हिन्दी गद्य तथा पद्य खड़े रूप में मुसलमानी है विदेशी मुसलमानों ने आगरे, दिल्ली, सहारनपुर-मेरठ की पड़ी बोली को खड़ी बताकर लश्कर और स काज के लिये उपयोगी बनाया । लाला भगवान दीन के विचार से फारसी में ही कुछ व्रज कुछ बांगरू का टेक लगाकर बोली को खड़ा कर दिया गया और उसका नाम पड़ गया खड़ीबोली ।

प्रारम्भ में यह दिल्ली मेरठ तथा उसके आसपास के क्षेत्रों में बोली जाती थी । देश में जब मुसलमानी साम्राज्य स्थापित हुआ और दिल्ली राजधानी घोषित कर दी गई तो फारसी भाषा विदेशियों का भारतीय जनता के साथ सम्पर्क बढ़ा । शनै: शनै: दिल्ली की स्थानीय बोली फारसी कोश से जीवन-दायिनी शव्द शक्ति संचित करने लगी । दोनों जातियों की सामाजिक एवं राजनीतिक मैत्री के साथ इसका प्रचार एवं प्रसार हुआ और स्थान भेद तथा प्रयोग भेद से इसके स्वरूप भेद भी होते गये । इस प्रकार साहित्य जगत में यह हिन्दी हिन्दवी हिन्दुई दक्खिनी, रेख्ता आदि आदि अनेक नामों से पहिचानी जाने लगी ।

इसके बोलचाल के रूप को हिन्दीस्थानी अथवा हिन्दुस्तानी अथवा सरल हिन्दी कहा गया ।

खड़ीबोली शव्द के अर्थ

जिस प्रकार नाम की नवीनता को देखकर कतिपय विद्वानों ने भाषा की उत्पत्ति के सम्बन्ध में अनेक धारणायें बना ली थीं उसी प्रकार नाम की विशिष्टता के आधार पर खड़ीबोली शव्द को भी विभिन्न अर्थ स्थिर करने क्ये यत्न किये गये । खड़ीबोली शव्द का प्रथम प्रयोग लल्लूलाल कृत प्रेमसागर तथा सदल मिश्र कृत नासिकोतोपाख्यान एवं गिल क्राइस्ट की हिन्दुस्तानी ग्रामर में प्रयुक्त हुआ । इष्ट इण्डिया कालेज हेलवरी के हिन्दुस्तानी अध्यक्ष ई०वी० इस्टवक ने खड़ा और खरा को समानार्थक मानकर प्रेमसागर के नवीन संस्करण के इटफ नोट कोटा में खड़ड़बोली के अर्थ इस प्रकार दिये हैं ।

डा० धीरेन्द्र वर्मा डा० श्यामसुन्दरदास , डा० सुनीतिकुमार चटर्जी प्रभृति भाषाविदों ने अनेक तर्कों एवं प्रमाणों द्वारा यह सिद्ध कर दिया कि शौरसेनी अपभ्रंश प्रसूत पश्चिमी हिन्दी के मेरठ, बिजनौर के निकट बोली जाने वाली रूप खड़ीबोली के वर्तमान साहित्यिक हिन्दी तथा उर्दू की उत्पत्ति हुई है ।

भारतवर्ष में आने पर बहुत दिनों तक मुसलमानों ने जनता से बातचीत और व्यवहार करने के लिये धीरे धीरे दिल्ली के अड़ोस पड़ोस की बोली सीखी । इस बोली में अपने विदेशी शब्द समूह को स्वतंत्रतापूर्वक मिला लेना इनके लिए स्वाभाविक था क्योंकि फारसी, अरबी शब्दों से मिश्रित किन्तु अपने देश की एक बोली में इन भिन्न भाषाभाषी विदेशियों से बातचीत करने में इन्हें सुविधा रहती होगी । उर्दू के आधार पर दिल्ली के निकट की बोली है । यह बोली आधुनिक साहित्यिक हिन्दी की भी मूलाधार है । अत: जन्म से उर्दू और आधुनिक साहित्यिक हिन्दी सगी बहने हैं । इसका नाम खड़ीबोली किस प्रकार पड़ा यह डा० सुनीति कुमार चटर्जी के शब्दों में है । हिन्दी , हिन्दुस्तानी या हिन्दुस्थानी और खड़ीबोली वगैरह भिन्न भिन्न नामों से कही जाने वाली केवल मूलभाषा है जो पश्चिमी देशों के अन्तर्गत एक बोली या भाषा या उपभाषा है । दिल्ली की बोली ' पास्तरत ' अर्थात राजधानी की बोली थी । मुसलमान राज्य शक्ति तथा उससे सम्बन्धित हिन्दुओं दारा व्यवहृत होने के कारण साहित्य की भाषा न होने पर भी बोलचाल की मुख्य अथवा प्रतिष्ठित भाषा होने से पीछे इसका नाम पड़ा खड़ीबोली ।

निष्कर्ष यही निकलता है कि खड़ी बोली विदेशियों की देन नहीं है न वह उर्दू से बनायी गयी है और न व्रजभाषा उसकी माता है । व्रजभाषा की तरह यह भी शौरसेनी अपभ्रंश या टक्क अपभ्रंश प्रसूत पश्चिमी हिन्दी की एक शाखा है ।

खड़ा - १ .

२ . खड़ा

खड़ीबोली

पादरीकेलाग ने भी खड़ीबोली को खरी बोली कहकर उसका अर्थ शुद्ध (किया है ।

पं० सुधाकर द्विवेदी और बदरीनारायण चौधरी प्रेमघन ने सीधीबोली

की रामकहानी की भूमिका में कहा है कि हिन्दी और संस्कृत में र-उ-ल का अदल बदल हुआ करता है। इसलिये खरी बोली के स्थान पर खड़ी बोली हो गई। खरी खोटी बोलियों में से खरी खरी बोलियों को चुनकर खड़ीबोली बनी है। अपनी भाषा में भूल कर जो शब्द दूसरे आ गये हों उन्हें खोटे शब्द और उन्हें निकाल देने से खरे शब्दों की खरी बोली हो जाती है, इसी अर्थ मे ठेठ हिन्दी भी प्रचलित है। ठेठ हिन्दी का अथ है सूखी हिंदी जिसमें दूसरी भाषा के रस न हों। कामताप्रसाद गुरु ने हिन्दी के व्याकरण में लिखा है कि व्रजभाषा के ओकारान्त रूपों से मिलान करने पर हिन्दी के आकारान्त रूप खड़े जान पड़ते हैं। बुन्देलखण्ड में इस भाषा को ठाढ़ बोली तथा मारवाड़ी में ठाढ़ बोली (ग०वी०एम० पंडित) कहते हैं।

डा० धीरेन्द्र वर्मा ने भी कुछ ऐसी ही कल्पना की — "ब्रजभाषा की अपेक्षा यह बोली वास्तव में खड़ी बोली लगती है। कदाचित इसी कारण इसका नाम खड़ी बोली पड़ा।" किशोरीदसा वाजपेयी ने खड़ीबोली के सम्बन्ध में प्रकारान्तर से कामताप्रसाद गुरु की धारणा को ही दोहरा दिया। आप कहते हैं - मीठा जाता खाता आदि में जो खड़ी बोली पाई जाती है। आप अंत में देखते हैं कि वह दिल्ली के अतिरिक्त इसकी किसी भी दूसरी बोली में नहीं मिलेगी। व्रज में मीठो तथा अवधी में मीठ चलता है। मीठो जल, मीठ पानी। इसी तरह जात है, खात है आदि रूप होते हैं। इस प्रकार केवल कुलजन पद में ही नहीं यह खड़ी पाई आगे पंजाब तक चली गई है शिट्ठा पाणी नोवदा है सो इस खड़ी पाई के कारण इसका नाम खड़ी बोली बहुतही सार्थक है।

ब्रजरत्नदास ने खड़ी नाम तो पड़ी के वजन पर अवश्य आधारित माना किन्तु इन्होंने इस पड़ी को व्रज अवधी आदि भाषाओं का द्योतक न मानकर रेख्ता से सम्बन्ध बताया। उन्होंने लिखा कि मुसलमान गण ने जब हिन्दी का साहित्य रचना में उपयोग करना आरम्भ किया तो वे अपने छोड़े हुए देशों की भाषाओं के शब्द तथा भाव आदि का भी प्रयोग करने लगे और इसलिए इस मिश्रित भाषा का नाम रेख्ता रक्खा गया जिसका अर्थ मिली जुली या गिरी पड़ी है।

पंडित चन्द्रबली पाण्डेय ने खड़ीबोली की निरुक्ति शीर्षक लेख में अपने से पूर्व पूर्व स्थापित सभी मतों का तर्कपूर्ण खंडन करते हुए कहा कि खड़ी बोली का अर्थ है प्रकृत ठेठ या शुद्ध बोली । उनकी तर्क पद्धति इस प्रकार है -

खड़ा — १. बिना पका असिद्ध कच्चा आदि जैसे खड़ा चावल
२. समूचा पूरा जैसे खड़ा चना चबाना

पाण्डेय जी को पं० सुधाकर द्विवेदी या खड़ीबोली के लिये सीधी बोली शब्द प्रयोग तो मान्य है किन्तु ग्राहम बेली द्वारा प्रस्तुत टकसाली अथवा प्रचलित अर्थ से वे बिलकुल सहमत नहीं हुए ।

श्री मातावदल जायसवाल जी ने चन्द्रबली पाण्डेय के असिद्ध कच्चा बिना पका अर्थ का विरोध किया और खड़ीबोली को प्रचलित मानक हिन्दी बोली ( ) माना इसके प्रमाण में उन्होंने मोल्सवर्थ के मराठी शब्दकोश से खड़ी चाकरी, खड़ी किमत ,खड़ीतालीम आदि प्रयोग उद्धृत किये हैं । डा० शितिकंठ मिश्र जी ने भी कहा कि मौलिक प्रयोगों से इसका जो प्रचलित अर्थ निकलता है उसका रहस्य इसकी सर्वजन सुबोधता और सरलता ही है । अत: ग्राहम बेली के प्रचलित अर्थ को मान लेने में किसी प्रकार की आपत्ति न होनी चाहिये ।

वास्तव में खड़ीबोली शब्द ब्रजभाषा सापेक्ष नहीं है वह उर्दू या रेख्ता सापेक्ष है ।

—

१४ वीं शती तक खड़ी बोली का विकास

खड़ीबोली से तात्पर्य उस बोली से है जिसका परिनिष्ठित या मानक रूप हिन्दी प्रदेश में आज शिष्ट साहित्यिक भाषा के रूप में प्रयुक्त होता है। परिनिष्ठित हिन्दी का एक सरल रूप ही भारत की राष्ट्रभाषा के रूप में व्यवहृत होता है। उस परिनिष्ठित हिन्दी का एक प्रादेशिक रूप है। यह प्रादेशिक रूप ही कई राज्यों की राज्य भाषा तथा संस्कृति भाषा है। हिन्दी प्रदेश में उत्तर प्रदेश बिहार मध्यप्रदेश हिमाचल प्रदेश, हरियाना राजस्थान और दिल्ली राज्य आते हैं इस मानक परिनिष्ठित बोली का मूलाधार खड़ीबोली है। इसलिये कभी कभी भाषा वैज्ञानिक दृष्टिकोण से इसे खड़ी-बोली कहते हैं।

खड़ीबोली की व्युत्पत्ति —

खड़ी बोली की उत्पत्ति के सम्बन्ध में विद्वानों ने अधिकतर अनुमान तथा कल्पना से काम लिया है। फलस्वरूप इसकी उत्पत्ति के प्रश्न पर अनेक भ्रामक एवं विरोधी विचार प्रस्तुत किये गये हैं। भाषा वैज्ञानिक दृष्टिकोण से खड़ीबोली की उत्पत्ति ब्रजभूमि तथा उसके आस पास के भू भाग अर्थात् सूरसेन में बोली जाने वाली प्राकृत भाषा से मानी जाती है। शौरसेनी प्राकृत ही क्रमश: अपभ्रष्ट होती हुई विक्रम की ९वीं १० वीं शताब्दी में शौरसेनी अपभ्रंश के स्तर तक पहुंची और फिर उसका विकास ब्रजभाषा खड़ीबोली आदि के नामों से स्वतंत्र रूपों में हुआ। इस प्रकार यह अनुमान किया जाता है कि व्यवहार तथा बोलचाल की भाषा के रूप में खड़ी बोली ने मेरठ मुरादाबाद बिजनौर ,सहारनपुर और कुछ आस पास के जिलों में ग्यारहवीं बारहवीं शताब्दी में ही अपना स्थान बना लिया होगा यद्यपि यह भी बात ठीक है कि इसके साथ साथ अपभ्रंश भाषायें भी

समानान्तर रूप से लगभग चौदहवीं शताब्दी तक चलती रही ।[१] मुसलमान शासकों का अधिपत्य अधिक समय तक भारत में था । मुसलमानों की भाषा उर्दू तथा उससे मिली जुली अरबी फारसी थी इसलिये कुछ विद्वानों ने खड़ीबोली की उत्पत्ति उर्दू से स्वीकार की है ।

उर्दू से खड़ी बोली की उत्पत्ति बताने वाले प्रथम इतिहास लेखक गार्सां द तासी हैं ।[२] इनके कथनानुसार खड़ीबोली का विकास सीधे उर्दू से हुआ जिसके फलस्वरूप इनके परवर्ती विद्वानों को कल्पना करने का अच्छा अवसर प्राप्त हुआ ।

पं० चन्द्रधर शर्मा गुलेरी का कथन है कि यह खड़ीबोली या पक्की बोली या रेख्ता बोली या वर्तमान गद्यमय को देखकर यह जान पड़ता है कि उर्दू रचना में फारसी अरबी तत्सम या तद्भवों को निकाल कर संस्कृत या तत्सम और तद्भव से हिन्दी मान ली गई हिन्दी गद्य भाषा लल्लू जी के समय से प्रारम्भ होती है । पुरानी हिन्दी गद्य तथा पद्य खड़े रूप में मुसलमानी है विदेशी मुसलमानों ने आगरे दिल्ली सहारनपुरमेरठ पड़ी को खड़ी बोली बनाकर लश्कर तथा समाज के लिये उपयोगी बनाया ।[७]

----

१. खड़ीबोली का उद्भव तथा विकास प्रो० आनन्द नारायण शर्मा, पृष्ठ ३६ (गद्य साहित्य का उद्भव तथा विकास में किया हुआ यह लेख डा० शम्भूनाथ पाण्डेय, पृष्ठ से १६५२)

२. रामचन्द्र शुक्ल, हिन्दी साहित्य का इतिहास-सातवां संस्करण, पृ० ३२८

३. शिवप्रसाद हिन्दी सलेक्शन भाग २ १२६७ ,डा० आशागुप्ता , खड़ीबोली काव्य में अभिव्यंजना । १६६१ पृ० ३

४. चन्द्रधर शर्मा गुलेरी पुरानी हिन्दी , पृ० १०७
   या० शीतकंठ मिश्र खड़ीबोली का आन्दोलन ,सं० २०१३ पृ० ६

५. भगवान दीन- हिन्दुस्तानी (पत्रिका) १६४६ ई०, पृ० २५१

६. कामताप्रसाद गुरु- हिन्दी व्याकरण, पृ० में २५

७. भगवान दीन हिन्दुस्तानी पत्रिका, १६४६,पृ० २५१

ब्रज तथा बांगरू का टेक लगाकर बोली को खड़ा किया गया है और उसी का नाम पड़ गया खड़ीबोली[1]। भारतीयों पर मुसलमानों का आधिपत्य बहुत दिनों तक रहा तथा इसका केन्द्र दिल्ली रहा । अत: अरबी फारसी तुर्की बोलने वाले मुसलमानों ने जनता से बातचीत करके तथा व्यवहार करने के लिए धीरे धीरे दिल्ली के आस पास की बोली सीखी । इस सीखी हुई बोली में अपने विदेशी शब्द समूह को स्वतंत्रता पूर्वक मिला लेना इनके लिये स्वाभाविक था क्योंकि इन्हें भिन्न भिन्न भाषा भाषियों से बात चीत करने में सुविधा रहती होगी । उर्दू भाषा का मूलाधार दिल्ली तथा दिल्ली के निकट की बोली है । यह बोली आधुनिक साहित्यिक हिन्दी का मूलाधार है । अतन जन्म से उर्दू तथा हिन्दी का अटूट संबंध है । इसका नाम खड़ीबोली पड़ता तथा किस प्रकार पड़ा यह डा० सुनीतिकुमार चटर्जी के मत से स्पष्ट हो जाता है । हिन्दी हिन्दुस्तानी, हिन्दुस्थानी तथा खड़ीबोली आदि भिन्न भिन्न नामों से कही जाने वाली केवल मूलभाषा जो परिचय की श्रेणी के अन्तर्गत एक बोली या भाषा या उपभाषा मात्र है । दिल्ली की बोली पाएतात अर्थात् राजधानी की बोली थी । मुसलमान राज्यशक्ति तथा उससे संबंधित हिन्दुओं द्वारा व्यवहृत होने के कारण साहित्य की भाषा न होने पर भी बोलचालको मुख्य अथवा प्रतिष्ठित भाषा होने से इसका नाम खड़ीबोली पड़ा ।[2]

डा० धीरेन्द्र वर्मा डा० श्यामसुंदरदास, डा० धीरेन्द्र वर्मा डा० श्यामसुंदरदास, डा० सुनीति कुमार चटर्जी प्रभृति विद्वानों ने अपने तर्कों से सिद्ध कर दिया है कि खड़ी बोली शौरसेनी अपभ्रंश प्रसूत पश्चिमी हिन्दी के मेरठ विजनौर के निकट बोलेजाने वाले एक रूप खड़ी बोली से साहित्यिक हिंदी की उत्पत्ति हुई । उपर्युक्त तर्कों को आधार बना कर निष्कर्ष यही निकाला जा सकता है कि खड़ीबोली की उत्पत्ति विदेशी भाषा से नहीं हुई और न इसके उत्पादक उर्दू तथा ब्रजभाषा है । बल्कि शौरसेनी अपभ्रंश या टक्क अपभ्रंश प्रसूल पश्चिमी की एक शाखा है । प्रारम्भ में यह दिल्ली मेरठ तथा उसके आस पास बोली जाती थी । जब देश में मुसलमानी राज्य हुआ तथा दिल्ली राजधानी घोषित की गई तो विदेशियों का सम्पर्क भारतीय जनता से हुआ । धीरे धीरे दोनों भाषायें मिश्रित होने लगी जैसा कि स्वाभाविक है कि विदेशी भारतीय भाषा बोलने

में विदेशी शब्द उर्दू फारसी का प्रयोग कर ही देगा और भारतीय लोग भी विदेशी भाषा बोलने का प्रयास करेंगे । दोनों जातियों का सामाजिक राजनीतिक आदि मैत्री भाव बढ़ासाथ ही साथ इसका प्रसार और प्रचार हुआ । फलस्वरूप स्थानभेद तथा प्रयोग भेद से स्वरूप भेद होते गये । इस साहित्य जगत में यह हिन्दी हिन्दवी दक्खिनी रेख्ता उर्दू आदि अनेक नामों से पहचानी जाने लगी । इसके बोलचाल के रूप को हिन्दुस्थानी अथवा हिन्दुस्तानी अथवा सरल हिन्दी भी कहा जाता है ।

खड़ीबोली किस अर्थ का घोतक है ?

खड़ी बोली किस अर्थ का घोतक है अभी तक यह निश्चित नहीं हो पाया है फिर भी निम्नलिखित विद्वानों ने खड़ीबोली का अर्थ इस प्रकार दिया है --

१२ वीं शताब्दी के अन्ततक तो हिन्दू लोगों ने दरबारी भाषा की ओर ध्यान देना आरम्भ कर दिया था । इसे लोग खड़ी बोली कहने लगे थे । जबकि व्रजभाषा अवधी आदि अन्य बोलियाँ पड़ी बोली (गिरी हुई बोली) कही जाने लगी थीं । [१]

म्लेच्छ भाषा खड़ी बोली उर्दू से बनायी गई है । [२]

अर्थात् हिन्दी मुसलमानी भाषा है । हिन्दुओं की रची हुई जो पुरानी कविता मिलती है । [२] अर्थात् पड़ी बोली में पायी जाती है । अम्बिका-प्रसाद वाजपेयी का कथन है कि खड़ीबोली या पक्की बोली या रेख्ता या वर्तमान हिन्दी के आरम्भ काल का गद्य तथा पद्य को देखकर यही लगता है कि उर्दू रचना में से फारसी अरबी में से तत्सम तद्भवों को निकालकर संस्कृत या हिन्दी तत्सम और तद्भव रखने से हिन्दी बना ली गई है । [३]

---

१. भारतीय आर्य भाषा और हिन्दी १९५७, पृ० २१६

२. चन्द्रधर शर्मा गुलेरी - पुरानी हिन्दी सं० २०५, पृ० १०७-८

३. वही

फारसी में कुछ व्रज और कुछ बांगरू तत्व लगाकर बोली को खड़ा कर दिया गया और उसका नाम पड़ गया खड़ीबोली ।[१]

व्रजभाषा की अपेक्षा यह बोली खड़ी सी लगती है । कदाचित उसका नाम खड़ीबोली पड़ा ।[२]

सर्वप्रथम खड़ी-खरी बोली का प्रयोग सदल मिश्र का ही है -- खड़ी बोली भारतवर्ष की निराली बोली में है ।[३]

ईस्ट इंडिया कालेज के हिन्दुस्तानी अध्यक्ष ई० पी० इस्टविक ने खड़ा और खरा को समानार्थक मानकर प्रेमसागर के नवीन संस्करण (१८५१) के हर्ट-फार्डकोश में खड़ीबोली का अर्थ इस प्रकार किया है[४] --

खड़ा - अ

खरा - ब खरा

खड़ीबोली -

कैलाग - शुद्ध बोली के अर्थ में प्रयोग किया है --

वास्तव में खड़ीबोली इधर की ग्रामीणों की शुद्ध सम्पूर्ण बोली है जिसे खड़ीबोली की अपेक्षा खरीबोली कहना अधिक उपयुक्त होगा ।[५]

खड़ा --

बिना पक्का, असिद्ध, कच्चा जैसे खड़ा चना । आगरे जिले में ऐसी बोली

१, भगवान दीन हिन्दुस्तानी पत्रिका - १९४६ - डा०आशा गुप्ता के लेख से उद्धृत

२, हिन्दी भाषा का इतिहास- १९४९, पृ० ६४
हिन्दी गद्य का उद्गम और विकास - शम्भुनाथ पाण्डेय, डा० श्रीमती सरोजनी शुक्ला ।

३ हिन्दी गद्य के प्रथम चार आचार्य नामक निबंध, पृ० ५४

४, इस्टविक (१८५९ प्रेमसागर शव्दकोश

५, कृष्णचन्द्र शर्मा - कौरवी तथा राष्ट्रभाषा-हिन्दी राजर्षि अभिनन्दन ग्रन्थ

को जो तू तेरे आदि भद्दे कर्कस तथा कठोर व्यवहार के कारण अखरे ठाड़ी बोली कहते हैं ।[१] बुन्देलखण्ड में भी खड़ीबोली को ठाढ़ीबोली या तुकी कहते हैं । मारवाड़ी में इसे ठाठबोली कहते हैं ।

श्री मातावदल जायसवाल ने खड़ीबोली का सार्थक और समीचीन अर्थ प्रचलित बोली को ही सिद्ध करते हैं ।[२]

डा० विश्वनाथ ने खड़ीबोली को भाषा सिद्ध करने के लिये इस प्रकार का तर्क प्रस्तुत किया है —

यह ठीक है कि आगरा ब्रजभाषा क्षेत्र में है । यहां उस समय ब्रजभाषा बोली जाती थी । और अब भी बोली जाती है । पर साथ ही यह भी ठीक है कि आगरा बहुत पहले से ही उस भाषा का केन्द्र बन चुका था जो दिल्ली की प्रचलित भाषा से बहुत दूर नहीं थी और एक ही साथ जन साधारण शिष्ट समाज के व्यावहारिक जीवन में प्रयुक्त होने के कारण शनैः शनैः एक स्टैण्डर्ड रूप ग्रहण करती जा रही थी । अंग्रेजी के शब्द की व्युत्पत्ति के मूल में भी धातु है - जिसका अर्थ है खड़ा होना ।[३]

इस प्रकार लल्लूलाल जी ने खड़ीबोली का जो थोड़ा सा वर्णन किया है उससे और उसके प्रयोग से संकेतित होता है कि उनकी दृष्टि में —

(अ) खड़ीबोली ब्रजभाषा और रेखता दोनों से ही भिन्न एक बोलचाल की भाषा है ।

(ब) वह गंवारी भाषा नहीं वरन् एक व्यावहारिक तथा परिनिष्ठित भाषा है जिसमें साहित्यिक ग्रन्थ लिखे जा सकते हैं ।

----

१. डा० विश्वनाथ प्रसाद आगरे की खड़ीबोली - भारतीय साहित्यिकी पृष्ठभूमि, पृ० ४८७

२. खड़ीबोली नाम का इतिहास - हिन्दी अनुशीलन , वर्ष ७ अंक १

३. डा० विश्वनाथ प्रसाद मिश्र - खड़ीबोली भारतीय साहित्य , सं० १९५६, पृ० ५४

(स) उसमें घामनी भाषा के शब्दों को जोड़ से रेखता का रूप हो जाता है और छोड़ देने से हिन्दवी का ।

(द) वह दिल्ली तथा आगरे की भाषा है ।

डा० शैलाशचन्द्र भाटिया ने खड़ीबोली को दिल्ली आगरे तक सीमित नहीं रखा बल्कि साहित्यिक भाषा के रूप में उसका प्रसार आगरा तक सिद्ध किया है ।[१]

विभिन्न विद्वानों ने खड़ीबोली शब्द को लेकर कई कल्पनायें कर डालीहैं । इनको हम ५ वर्गों में विभाजित कर सकते हैं - जिन्होंने खड़ीबोली का विभिन्न नाम दिया है -

१. प्रथम वर्ग - खड़ी तथा पड़ी नाम इन विद्वानों ने दिया है - पं० चन्द्रधर शर्मा गुलेरी, अम्बिका प्रसाद वाजपेयी, जगन्नाथदास रत्नाकार, डा० सुनीतिकुमार चटर्जी, भगवानदीन, डा० धीरेन्द्र वर्मा आदि विद्वानों ने खड़ी बोली खड़ी तथा पड़ी नाम दिया है ।

२. द्वितीय वर्ग खड़ी- खरी (विशुद्ध)

इस्टविक, कैलाग, कृष्णाचन्द्र शर्मा, चन्द्रबली पाण्डेय, आदि विद्वानों ने खड़ीबोली को खड़ी तथा खरी के तरह संकेत किया है ।

३. तृतीय वर्ग - खड़ी - गंवारी बोली

डा० विश्वनाथ प्रसाद मिश्र, आगरा गजेटियर

४. चतुर्थ वर्ग - प्रचलित भाषा

ग्राहम वैली तथा श्री मालाबदल जायसवाद जी ने खड़ीबोली को गंवारी आदि भाषा न मानकर प्रचलित भाषा सिद्ध किया है ।

५. पांचवां वर्ग - खड़ी बोली भाषा

गि

गिल क्राइस्ट डा० विश्वनाथ प्रसाद मिश्र आदि विद्वानों ने खड़ीबोली को भाषा का रूप दिया है ।

हिन्दी साहित्य में खड़ीबोली की परंपरा —

हिन्दी साहित्य के प्राचीनतम गद्य की परम्परा के मूल स्रोत हमें संस्कृत और प्राकृत की रचनाओं में मिलते हैं । संस्कृत में गद्य वैदिक संस्कृत के साहित्य से ही मिलने लगता है । वैदिक काल में गद्य की रचनायें हुई और उसका महत्व-पूर्ण स्थान भी था । लौकिक संस्कृत में गद्य की प्रगति नहीं मिलती । रामायण महाभारत में भी पद्य की प्रधानता है परन्तु इसके बाद के साहित्य में गद्य का रूप ही देखने को मिलता है । इसे बाद प्राकृत तथा पालि में हमें खड़ी बोली का आभास जैन तथा बौद्ध धर्म की रचनाओं से होने लगता है । प्राकृत अप-भ्रंश की रचनायें तो हिन्दी साहित्य के प्राचीनतम खड़ी बोली रचनाओं की जन्म-दात्री कही जा सकती है ।

अपभ्रंश की नवी शताब्दी में रचित कुवलयमाला ग्रन्थ में हमें खड़ीबोली के छोटे छोटे वाक्य देखने को मिलते हैं । कुवलयामाला में कथासार (७७८३) में वर्णित मध्यदेश से आये हुए एक बनिये के मुख से " तेरे मेरे आऊं " यह गढ़ा हुआ वाक्यांश नहीं है यह हो सकता है कि लेखक के लिये यह केवल ध्वनि हो । फिर इस ध्वनि से हिन्दी के दो सर्वनाम तेरे मेरे एक क्रियापद आऊं का सुनायी देना इस बात की तरफ संकेत दे रहा है कि उस समय मध्यप्रदेश में हिन्दी बोली जाती थी ।[१] कुवलयमाला के कुछ उदाहरण डा० हजारीप्रसाद द्विवेदी ने हिन्दी साहित्य के आदिकाल में उद्धृत किये हैं । वे लिखते हैं कि —

---

१. डा० पीताम्बरदत्त बड़थ्वाल, मकरन्द, प्र०सं० पृ० ३

"नवीं शताब्दी की कुवलयमाला कथा में कुछ ऐसे प्रसंग हैं जिनमें बोलचाल की तत्कालीन प्रचलित भाषा के सुन्दर नमूना गये हैं।"[1]

खड़ीबोली की अनाशक्त प्रवृत्ति के उदाहरण वीरगाथा काल के साहित्य में भी मिलते हैं। विक्रम की १२ वीं शताब्दी के जैन आचार्य हेमचन्द्र का व्याकरण में उद्धृत अपभ्रंश के निम्नलिखित दोहे में यह प्रवृत्ति स्पष्टत: देखी जा सकती है --

भल्ला हुआ जु मारिया व हिजि म्हार रु
लज्जे अंतु वयंसि भउ जर भग्गा घर स्सु।।

इसमें भल्ला हुआ मारिया म्हारा भग्गा आदि शब्द खड़ी बोली का पूर्वाभास कराते हैं। तेरहवीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध के नरपति नाल्ह कवि बीसलदेव रासों नामक ग्रन्थ में भी भी खड़ी बोली के अस्तित्व के प्रमान हैं।

१. मोती का भाषा विया
२. दीधाताजी उतिम ठाइं
३. चित्त फाटया मन उपत्या

इसके अतिरिक्त हिन्दी के कुछ प्राचीन ग्रन्थों का भी उल्लेख मिलता है - जैसे पुष्प कवि ने ७१५ ई० अलंकार की सादा दोहरों में, अब्दुल्ला ऐराकीने ८७०ई के लगभग कुरान का तर्जुमा हिन्दी में "मसउदसादसलमा" ने लगभग ६७० ई० के हिन्दी का एक दीवन और कालिंजर के रामचन्द ने १०३३ ई० में सुलतान महमूद की प्रशंसा में एक हिन्दी शैर लिखा था।[2]

किन्तु अब यह उपर्युक्त सभी रचनायें उपलब्ध नहीं हैं। हिन्दी साहित्य में खड़ी बोली का निश्चित प्रयोग नाथों द्वारा प्रारंभ होता है। नाथों का

---

१. हिन्दी साहित्य का आदिकाल, आचार्य द्विवेदी, पृ० १६
२. गद्य साहित्य का उद्गम तथा विकास से हिन्दी का प्रारम्भिक गद्य साहित्य नामक निबंध - बा० गुलाबराय, पृ० २२

धार्मिक केन्द्र जालंधर आकारान्त खड़ी बोली अथवा पूर्वी पंजाबी में पड़ता था इसलिये धर्म प्रचार हेतु सर्वप्रथम गोरखनाथ के अनुयायी नाथों ने इस भाषा का प्रयोग किया है । जिसका मूलाधार दिल्ली और मेरठ-बिजनौर की खड़ी बोली थी और जिससे पूर्वी पंजाबी हरियाना राजस्थानी राजस्थानी क्रम के रूप भी चित्रित हैं ।

गोरखनाथ चौरंगीनाथ चन्दवर नाथ आदि अन्य नाथों के पदों में आदिकालीन खड़ीबोली के नमूने मिलते हैं ।

परन्तु खड़ीबोली का जैसा व्यापक तथा व्यावहारिक रूप अमीर खुसरो बिउन की चौदहवीं शताब्दी के कवि है । उन्होंने ब्रजभाषा के साथ साथ खालिस खड़ीबोली में साहित्य सृजन किया है ।

खुसरों की भाषा में खड़ीबोली का साफ सुथरा रूप मिलता है । यथा-

एक कहानी मैं रहूं तु सुनने मेरे पूत

बिन परे वह उड़ गया बांध गले में सूत

डा० जगन्नाथ शर्मा के शब्दों में कहा जा सकता है कि खुसरों ने आधुनिक खड़ी बोली बोली की जड़ जमायी है ।

अध्याय --२

कबीर के पूर्व खड़ीबोली के कवि एवं काव्य

गोरखनाथ

विक्रम संवत की दसवीं शताब्दी में भारतवर्ष के महान सन्त गुरु गोरखनाथ का जन्म हुआ । शंकराचार्य के बाद इतना प्रभावशाली और इतना महिमामण्डित महापुरुष भारतवर्ष में दूसरा नहीं हुआ । भारतवर्ष के कोने कोने में उनके अनुयायी आज भी पाये जाते हैं । भक्ति आंदोलन के पूर्व सबसे शक्तिशाली धार्मिक आन्दोलन गोरखनाथ का योग मार्ग ही था । भारतवर्ष की ऐसी कोई भी भाषा नहीं है जिनमें गोरखनाथ सम्बन्धी कहानियां न पाई जाती हों । इन कहानियों में परस्पर ऐतिहासिक विरोध बहुत अधिक है किन्तु फिर भी इससे एक बात अत्यन्त स्पष्ट हो जाती है कि गोरखनाथ अपने युग के सबसे बड़े नेता थे । उन्होंने जिस धातु को छुआ वही सोना हो गया । दुर्भाग्यवश इस महान धर्मगुरु के विषय में ऐतिहासिक कही जाने वाली बातें बहुत कम रह गई । दन्त कथाएं केवल उनके और उनके द्वारा प्रवर्तित योग मार्ग के महत्व प्रचार के अतिरिक्त कोई विशेष प्रकाश नहीं देतीं ।

उनके जन्म स्थान का कोई निश्चित पता नहीं चलता । परम्परायें अनेक प्रकार के अनुमान को उत्तेजना देती हैं और इसलिये भिन्न-भिन्न अन्वेषकों ने अपनी रुचि के अनुसार भिन्न भिन्न स्थानों को उनका जन्मस्थान मान लिया है । योगि सम्प्रदाया विष्कृति में उन्हें गोदावरी तीर के किसी चंद्रगिरि में उत्पन्न बताया गया है । नेपाल दरबार लाइब्रेरी में एक परवर्ती बाल का गोरक्ष सहस्त्र नाम स्तोत्र नामक छोटा सा ग्रन्थ है । उसमें एक श्लोक इस आशय का है कि दक्षिण दिशा में कोई बडव नामक देश है वहीं महामंत्र के प्रभाव से महाबुद्धिशाली गोरक्षनाथ प्रादुर्भूत हुये थे । संभवत: इस श्लोक में उसी परंपरा की ओर इशारा है जो योगि सम्प्रदाय विष्कृति में पाई जाती है । श्लोक में का बड़व शायद गोदावरी तीर के प्रदेश का व्याचक हो सकता है । क्रुक्स ने एक परम्परा का उल्लेख किया है जिसे ग्रियर्सन ने भी उद्धृत किया है । जिसमें कहा गया है कि गोरक्षनाथ सत्ययुग में पंजाब के पेशावर में त्रेता में गोरखपुर में द्वापर में द्वारका के

भी आगे कुरमूज में और कलिकाल में काठियावाड़ की गोरखमढ़ी में प्रादुर्भूत हुए थे। बंगाल में यह विश्वास किया जाता है कि गोरक्षनाथ उसी प्रदेश में उत्पन्न हुए थे। नेपाली परंपराओं से अनुमान होता है कि वे पंजाब से चलकर नेपाल गये थे। गोरखपुर के महन्तने ब्रिग्स साहब को बताया था कि गुरु गोरखनाथ टिला (झेलम पंजाब) से गोरखपुर आए थे। नासिक के योगियों का विश्वास है कि वे पहले नेपाल से पंजाब आए थे और बाद में नासिक की ओर गये थे। टिला का प्राधान्य देखकर ब्रिग्स ने अन्दाज लगाया है कि वे संभवत: पंजाब के निवासी रहे होंगे। कच्छ में प्रसिद्ध है कि गोरक्षनाथ के शिष्य धर्मनाथ पेशावर से कच्छ गये थे। ग्रियर्सनने इन्हें गोरखनाथ का सतीर्थ कहा है। ग्रियर्सन ने अंदाज लगाया है कि गोरक्षनाथ संभवत: पश्चिमी हिमालय के रहने वाले थे। इन्होंने नेपाल को आर्य अवलोकितेश्वर के प्रभाव से निकालकर शैव बनाया था। ब्रिग्स का अनुमान है कि गोरखनाथ पहले वज्रयानी साधक थे बाद में शैव हुए थे। तिब्बती परम्परायें बहुत परवर्ती हैं और विकृतरूप में उपलब्ध हैं। उनको बहुत अधिक निर्भर योग्य समझना भूल है। गोरखनाथ निश्चित रूप से ब्राह्मण जाति में उत्पन्न हुए थे और ब्राह्मण,वातावरण में बढ़े हुए थे। उनके गुरु मत्स्येन्द्रनाथ भी शायद ही कभी बौद्ध साधक रहे हों।

वस्तुत: गोरक्षनामी साधना का मूल सुर है जिसकी चर्चा इसी प्रसंग में आगे करने जा रहे हैं।

गोरक्षनाथ के नाम पर बहुत ग्रन्थ चलते हैं। जिनमें अनेक तो निश्चित रूप से परवर्ती तथा संदेहास्पद हैं। सब मिलाकर केवल इतना ही कहा जा सकता है गोरक्षनाथ की कुछ पुस्तकें नाना भाव से परिवर्तित परिवर्धित और विकृत होती हुई आज तक चली आ रही है। उनमें कुछ न कुछ गोरखनाथ की वाणी जरूर रह गई है। पर सभी की सभी प्रकाशित नहीं हैं। इन पुस्तकों पर से कई विद्वानों ने गोरक्षनाथ का स्थान और कालनिर्णय करने का प्रयत्न किया है। वे सभी प्रयत्न निष्फल सिद्ध हुए हैं। कबीरदास के साथ गोरखनाथ की बातचीत हुई थी और उस

बात चीत का विवरण बताने वाली पुस्तक उपलब्ध है इन पर एकबार ग्रियर्सन तक ने अनुमान किया था कि गोरखनाथ चौदहवीं शताब्दी के हैं। गुरु नानक के साथ भी उनकी बातचीत का विवरण मिल जाता है। सत्रहवीं शताब्दी के जैन दिगंबर सन्त बनारसीदास के साथ शास्त्रीय शास्त्रार्थ होने का प्रसंग भी सुना जाता है। टैसिटरी ने बनारसीदास जैन की एक पुस्तक गोरख की ? वचन का भी उल्लेख किया है। इन बात चीतों का ऐतिहासिक मूल्य बहुत कम है। ज्यादा से ज्यादा इनकी व्याख्या सांप्रदायिक महत्व प्रतिपादन के रूप में ही की जाती है। या फिर आध्यात्मिक रूप में इनकी व्याख्या यों की जा सकती है कि परिवर्ती सन्त ने ध्यान बल से पूर्ववर्ती सन्त के उपदिष्ट मार्ग से अपने अनुभवों की तुलना की है। परन्तु उन पर से गोरखनाथ का समय निकालना निष्फल प्रयास है। कबीरदास के साथ तो मुहम्मद साहब की बातचीत का व्यौरा भी उपलब्ध है तो क्या इस पर से यह अनुमान किया जा सकता है कि कबीरदास और हजरत मुहम्मद समकालीन थे। वस्तुत: गोरखनाथ को दसवीं शताब्दी का परवर्ती नहीं माना जा सकता है।

गोरक्षनाथ तथा उनके द्वारा प्रभावित योग मार्गीय ग्रन्थों के अवलोकन से स्पष्ट रूप से यह पता चलता है कि गोरक्ष नाथ ने योग मार्ग को एक बहुत ही व्यवस्थित रूप दिया है। उन्होंने शैव प्रत्यभिज्ञादर्शन के सिद्धान्तों के आधार पर बहुधाविस्त्रास्त कायायोग के साधनों को व्यवस्थित किया है, आत्मानुभूति तथा शैव परंपरा सामंजस्य से चक्रों की संख्या नियत की उन दिनों अत्यन्त प्रचलित वज्रयानी साधना के पारिभाषिक शब्दों के सांस्कृतिक अर्थ को बलपूर्वक पारमार्थिक अर्थ दिया और आब्राह्मण उद्गम से उद्भूत और संपूर्ण ब्राह्मण विरोधी साधन मार्ग को इस प्रकार संस्कृत किया कि उसका रूढ़ि विरोधी रूप ज्यों का त्यों बना रहे परन्तु उसकी अशिक्षा जन्म प्रमादपूर्ण कड़ियां परिष्कृत हो गईं। उन्होंने लोक भाषा को भी अपने उपदेशों का माध्यम बनाया। यद्यपि उपलब्ध सामग्री से यह निर्णय करना बड़ा कठिन है कि उनके नाम पर चलने वाली लोक भाषा की पुस्तकों में कौन सी प्रामाणिक हैं और उनकी भाषा का विशुद्ध रूप क्या है।

तथापि इसमें संदेह नहीं कि उन्होंने अपने उपदेश लोकभाषा में प्रचारित किये हैं कभी कभी इन पुस्तकों की भाषा पर से भी उनके काल का निर्णय करने का प्रयास किया गया है। गोरखनाथ की लिखी हुई कही जाने वाली निम्न संस्कृत पुस्तकें मिलती हैं। भिन्न भिन्न ग्रन्थ सूचियों और आलोचनात्मक अध्ययनों से संग्रह भर कर लिया है।

आमनस्क

एक प्रति बड़ौदा लाइब्रेरी में है। गो०सि०स० में बहुत से वचन उद्धृत हैं।

अमरौधशासनम—

श्री मन्महामाहेश्वराचार्य की सिद्ध गोरखनाथ विरचितम। यह पुस्तक काश्मीर संस्कृत ग्रन्थावली में प्रकाशित हुई है। महामहोपाध्याय पं० मुकुन्दराम शास्त्री ने इसका संपादन किया है। यद्यपि यह पुस्तक सन् १९१८ ई० में ही छप गई थी परन्तु आश्चर्य यह है कि गोरक्षनामी साहित्य के अध्ययन करने वालों ने इनकी कोई चर्चा नहीं की है। यह पुस्तक बहुत ही महत्वपूर्ण है। इसमें गोरक्षनाथ के सिद्धान्तों का सूत्ररूप में संकलन है। यह पुस्तक हठयोग की साधना शैवागमों में संबंध और जोड़ती है। आगे इसके प्रतिपदित सिद्धान्तों का संक्षिप्त विवरण दिया जा रहा है।

३. अवधूत गीता - गो०सि०स० पृ० ७५ में गोरक्षकृत कही गई है।
४. गोरक्षकल्प (फर्कुहर) ब्रिग्स
५. गोरक्ष कौमुदी ,,
६. गोरक्ष गीता - (फर्कुहर)
७. गोरक्ष चिकित्सा (आफ्रेस्ट)
८. गोरक्षपन्चय (ब्रिग्स)

९. गोरक्ष पद्धति —

दो सौ संस्कृत श्लोकों का संग्रह है। बंबई से महीधर शर्मा की हिन्दी टीका सहित छपी है। इसका प्रथम शतक गोरक्ष शतक नाम से कई बार छप चुका है। इसी का नाम गोरक्षज्ञान भी है।

गोरक्ष शतक –

इसकी एक प्रति पूना से छपी मिली है। ब्रिग्स ने अपनी पुस्तक में इसको रोमन लिपि में छापा है और उसका अंग्रेजी अनुवाद भी किया है। इनके मत से यह पुस्तक गोरक्षनाथ की सच्ची रचना जान पड़ती है। डाक्टर प्रबोध चंद्र बागची ने कौलावलि निर्णय की भूमिका में नेपाल दरबार लाइब्रेरी के एक हस्त-लिखित ग्रन्थ का ब्यौरा दिया है। नेपाल वाली पुस्तक छपी हुई पुस्तकों से भिन्न नहीं है।

इस पर दो टीकायें हुई हैं। एक शंकर पंडित की दूसरी मथुरानाथ शुक्ल की। दूसरी टीका का नाम टिप्पणा है।(ब्रिग्स) इसी पुस्तक के दो नाम और भी प्रच-लित हैं। १. ज्ञान प्रकाश २. ज्ञानप्रकाश शतक (आफ्रेक्ट)

गोरक्ष शास्त्र

गोरक्ष संहिता –

प्राय: सभी सूचियों में इस पुस्तक का नाम पुस्तक को सं० १८६७ में छपाया था। परन्तु अब यह पुस्तक खोजे नहीं मिलती है। डा० बागची ने कौलावलि निर्णय की भूमिका में नेपाल दरबार लाइब्रेरी में पाई गई प्रति में से कुछ अंश उद्धृत किया है। पुस्तक के कितने ही श्लोक हूबहू मत्स्येन्द्र नाथ के अकुल वीर तंत्र नामक ग्रन्थ में मिल जाते हैं। और दोनों का प्रतिपादन भी एक ही है। इस प्रकार यह पुस्तक काफी महत्वपूर्ण है।

चतुरशीत्यासना

(आफ्रेक्ट)

ज्ञानप्रकाश शतक

ज्ञान शतक

ज्ञानामृत योग (आफ्रेक्ट)

१७. नाडी ज्ञानप्रदीपिका (आफ्रेक्ट)

१८ महार्थ मंजरी

यह पुस्तक काश्मीर संस्कृत ग्रन्थावलि (१०११) में छपी है। यह किसी महश्वरानंद नाम की लिखी हुई है। काश्मीरी परम्परा के अनुसार ये गोरक्षनाथ ही हैं। पुस्तक म०म०प० मुकुन्दराम शास्त्री ने संपादित की है। इस पर भी लिखा है - "गोरक्षापर पर्याय श्री मन्महेश्वरानंदायामि विरचिता" पुस्तक की भाषा काश्मीरी अपभ्रंश है परन्तु ग्रन्थकार ने स्वयं परिमल नामक टीका लिखी है। विषय ३६ तत्वों की व्याख्या है। नाना दृष्टियों से महत्वपूर्ण है।

(१९) योगचिन्तामणि (आफ्रेक्ट)

(२०) योगमार्तण्ड ,,

(२१) योगबीज गो०सि०स० में अनेक वचन उद्धृत हैं।

(२२) योगशास्त्र

(२३) योगसिद्धासन पद्धति :- (आफ्रेक्ट)

(२४) विवेक मार्तण्ड — इस पुस्तक के कुछ वचन गोरक्षसिद्धान्त संग्रह में हैं उसके श्लोक गोरक्ष शतक में पाये जाते हैं। इसीलिए यद्यपि इसे रामेश्वर भट्ट का बताया गया है तो भी आफ्रेक्ट के अनुसार इसे गोरक्षकृत ही मानना उचित है।

(२५) श्रीनाथ सूत्र गो०मि०सं०में कुछ वचन हैं

(२६) सिद्ध सिद्धान्त पद्धति - ब्रिग्स ने नित्यानन्द रचित कहा है पर अन्य सबने गोरखनाथ रचित बताया है। गोरक्ष सिद्धान्त संग्रह में भी इसे नित्यनाथ विरचिता कहा गया है।

(२७) हठयोग (आफ्रेक्ट)

(२८) हठ संहिता ,,

इन पुस्तकों में अधिकांश के कर्ता स्वयं गोरखनाथ नहीं थे। साधारणत: उनके उपदेशों को नये नये रूप में वचनबद्ध किया गया है। सिद्ध सिद्धान्त पद्धति को संक्षिप्त करके काशी के बलभद्र पंडित ने एक छोटी सी पुस्तक लिखी थी जिसका नाम है "सिद्ध सिद्धांत संग्रह" इसमें तथा गोरक्ष सिद्धान्त संग्रह में सिद्ध सिद्धान्त पद्धति

के अनेक श्लोक उद्धृत हैं । इन सबके आधार पर गोरक्षनाथ के मत का प्रतिपादन किया जा सकता है । इस विषय में गोरक्ष सिद्धान्त संग्रह बहुत ही उपयोगी पुस्तक है ।

इन पुस्तकों के अतिरिक्त हिन्दी में भी गोरक्षनाथ की कई पुस्तकें पाई जाती हैं । इनका संपादन बड़े परिश्रम और बड़ी योग्यता के साथ स्वर्गीय डा० पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल ने किया है । यह ग्रन्थ गोरखबानी नाम से हिन्दी साहित्य सम्मेलन में प्रकाशित हुआ है । दूसरा भाग अभी तक प्रकाशित नहीं हुआ और अत्यन्त दुख की बात है कि उसके प्रकाशित होने के पूर्व ही मेधावी ग्रन्थकार ने इहलोक त्याग दिया । डा० बड़थ्वाल की खोज से निम्नलिखित चालीस पुस्तकों का पता चला है जिन्हें गोरखनाथ रचित बताया जाता है ।

१. सबदी
२. पद
३. सिष्या दरसन
४. प्राण संकली
५. नरवै बोध
७. आत्मबोध
८. अभैमात्रा जोग
६. पंद्रह तिथि
१०. सप्तवार
११. मछीन्द्र गोरखबोध
१२. रोमावली
१३. ग्यान तिलक
१४. ग्यान चौंतीसा
१५. पंचमात्रा
१६. गोरख गणेशगोष्ठी
१७. गोरखदत गोष्ठी
(ग्यान दीप बोध)
१८. महादेव गोरख गुष्टि
१६. सिद्ध पुराण
२०. दया बोध
२१ जाती भौंरावली
(छंद गोरख)

२२. नवग्रह
२३. नवरात्र
२४. अष्ट पारछ्या
२५. रहरास
२६. ग्यान माला
२७. आत्माबोध
२८. व्रत
२९. निरंजन पुराण
३०. गोरख बचन
३१. इन्द्री देवता
३२. मूल गर्भावली
३३. खाली वाणी
३४. गोरखसत
३५. अष्टमुद्रा
३६. चौबीस सिधि
३७. षडक्षरी
३८. पंच अग्नि
३९. अष्ट चक्र
४० अवलि सिलूक
४१. काफिर बोध

डा० बड़थ्वाल ने अनेक प्रतियों की जांच करके इनमें से प्रथम चौदह को तो निस्संदिग्ध रूप से प्राचीन माना है क्योंकि इनका उल्लेख प्राय: सब में मिला है। ग्यान चौंतीसा समय पर न मिल सकने के कारण इस संग्रह में प्रकाशित नहीं कराया जा सका परन्तु बाकी तेरह गोरखनाथ की बानी समझकर पुस्तक में संग्रहीत हुए हैं। १५ से १९ तक की प्रतियों को एक प्रति में सेवादास निरंजनी की रचना माना गया है। इसलिये संदेहास्पद समझकर संपादक ने उन्हें परिशिष्ट 'क' में छापा है। बाकी में कुछ गोरखनाथ की स्तुति है। कुछ अन्य ग्रन्थकारों के नाम की हैं। काफिर बोध कबीरदास के नाम भी हैं इसलिये डा० बड़थ्वाल ने इस संग्रह में उन्हें स्थान नहीं दिया है। केवल परिशिष्ट ख में सप्तवार नवग्रह, व्रत, पंचअग्नि, अष्टभुज, चौबीस सिद्धी, बत्तीस लच्छन अष्ट चक्र रहरासि को स्थान दिया है। अवलि सिलूक तथा काफिर बोध रतननाथ के लिखे हुए हैं। डा० बड़थ्वाल का इन प्रतियों की आलोचना करने के बाद इस नतीजे पर पहुंचना कि सबदी गोरख की सबसे प्रामाणिक रचना जान पड़ती है। परन्तु वह उतनी परिचित नहीं जितनी गोरखबोध की सबसे पहले छपी हुई एक खण्डित प्रति कामाईकेल लाइब्रेरी काशी में है जो सन् १९११ में बांस फाटक

बनारस से छपी थी । बाद में इसे जयपुर पुस्तकालय में संग्रह करके डा० मोहनसिंह ने अंग्रेजी अनुवाद के साथ अपनी पुस्तक में प्रकाशित की है । डा० मोहन सिंह इस पुस्तक में प्रतिपादित सिद्धान्तों को बहुत प्रभावित मानते हैं । परन्तु मत्स्येन्द्र - नाथ के उपलब्ध ग्रन्थों के आलोक में डा० मोहन सिंह का मत बहुत ग्रहणीय नहीं लगता । डा० बड़थ्वाल ने इन पुस्तकों के रचयिता के बारे में विशेषरूप से लिखने का वाद किया था पर महाकाल ने उसे पूरा नहीं होने दिया । परन्तु अपने भावी मत का आभास उन्होंने निम्नलिखित शब्दों में दे रक्खा है । नाथ परंपरा में इनके कर्ता प्रसिद्ध गोरखनाथ से भिन्न नहीं समझते ।

"अधिक संभव है कि गोरखनाथ विक्रम की ११ वीं शती में हुए । यह रचनायें जैसी हमें उपलब्ध हो रही हैं ठीक वैसी ही उस समय की हैं यह नहीं रहा जा सकता । परन्तु इसमें भी प्राचीनता के प्रमाण विद्यमान हैं । जिससे कहा जा सकता है कि संभवत: इसका मूलोदभव ग्यारहवीं शती में हुआ है ।"

नामदेव -

नामदेव महाराष्ट्र साहित्य में एक प्रसिद्ध सन्त माने गये हैं। जिनके अभंग सामान्य जनता में से गाये जाते हैं। उन्होंने हिन्दी में भी कविता लिखी। इस भांति वे हिन्दी साहित्य के इतिहास में भी कवि तथा सन्त के रूप में मान्य हैं। इनका जन्म नरमी वमनी (सतारा) में सन् १२७० ई० में हुआ। इनके आविर्भाव काल के सम्बन्ध में विद्वानों में मतभेद है। डाक्टर भण्डारकर का मत है कि इनकी मराठी कविता सन्त ज्ञानेश्वर की कविता से अधिक परिष्कृत तथा परिवर्ती है। अत: इनका आविर्भाव काल ईसा की तेरहवीं शताब्दी में ना होकर बाद में होना चाहिये। उनका कथन है कि चौदहवीं शताब्दी के प्रारम्भ में मुसलमानों ने अपना राज्य दक्षिण में स्थापित किया। नामदेव ने अपने एक अभंग में (सं० ३६४) में तुर्कों के द्वारा मूर्त्ति तोड़े जाने की बात कही है। अत: नामदेव ईसा की चौदहवीं शताब्दी के ही लगभग या उसके अन्त में हुए होंगे। वैष्णविज्म ,शैविज्म एण्ड माइनर रिलीजस सिस्टम। भण्डारकर पृ०९२) किन्तु प्रो० रानाडे का मत है कि नामदेव ज्ञानेश्वर के समकालीन ही थे। नामदेव की भाषा के परिष्करण के सम्बन्ध में उनका कथन है कि नामदेव का काव्य शताब्दियों तक मौखिक रूप में रहा है अत: उसमें समय समय पर संशोधन होता रहा। यही कारण है कि जनता की श्रद्धा और काव्य पाठ के सार्वजनिक प्रचार ने भाषा को आधुनिकता का रूप दे दिया। मूर्ति तोड़ने के उल्लेख के सम्बन्ध में प्रो० रानाडे का कथन है कि अलाउद्दीन खिलजी ने दक्षिण पर सन् १३०६ ई० में आक्रमण किया था। उसने मलिक काफूर के सेना नायकत्व में एक विशाल सेना देवगिरि पर आक्रमण करने के लिये भेजी। मलिक काफूर ने क्रमश: देवगिरी वारंगल होजमल और पांड्य शकों को जीता। उसने इन स्थानों पर स्वर्ण तथा रत्नों के असंख्य मंदिर सुने थे। उसने अनेक स्वर्ण मूर्तियां तथा पूजा की अनेक मूल्यवान सामग्रियां तोड़ीं तथा अमित धन प्राप्त किया। इसी आधार पर प्रो० रानाडे नामदेव का आविर्भाव काल सन् १२७० ई० के लगभग मानते हैं।

नामदेव दमशेती नामक दर्जी के पुत्र थे। इसलिये ये छीपा जाति से प्रसिद्ध हैं। इनका विवाह राजाबाई से हुआ था। जिनमें इनके चार पुत्र हुए

नारायण, महादेव, गोविन्द तथा विट्ठल । इनकी मृत्यु ८० वर्ष की अवस्था में सन् १३८० ई० में हुई । इनकी समाधि पंढरपुर में बनायी गई ।

नामदेव निर्गुण संप्रदाय के एक बड़े सन्त हुए । कबीर के पहले होने के कारण इन्हें सन्त संप्रदाय की पृष्ठभूमि उपस्थित होने का श्रेय है । नामदेव ने विट्ठल की उपासना की । इसमें नाम स्मरण का अत्यधिक महत्व है । यह विट्ठल संप्रदाय सन् १२०६ ई० के लगभग दक्षिण में पंढरपुर नामक स्थान में प्रचारित हुआ । इसके प्रचारक कन्नड़ सन्त पुंडलीक हैं । विट्ठल सम्प्रदाय वैष्णव सम्प्रदाय और शैव सम्प्रदाय का मिश्रण है । इस सम्प्रदाय में विष्णु तथा शिव में कोई अंतर नहीं है । पंढरपुर में शिवलिंग को शीश पर चढ़ाये हुए विष्णु की मूर्ति है । इसी मूर्ति का नाम विट्ठल है । यही विट्ठल एक सर्वव्यापी ब्रह्म के प्रतीक बनकर समस्त महाराष्ट्र के आराध्य हैं । आठवीं शताब्दी के शैवधर्म से ग्यारहवीं शताब्दी के वैष्णव धर्म का समझौता विट्ठल सम्प्रदाय के रूप में हुआ । और इसके सबसे बड़े सन्त नामदेव हुए । ज्ञानेश्वर महाराज और सन्त नामदेव के साथ साथ समस्त उत्तर भारत की यात्रा की और अपने इस व्यापक धर्म का प्रचार किया । इस विट्ठल सम्प्रदाय के अन्तर्गत बहुत से संत हुए जिनमें गोरा कुम्हार, चोखा मेला जनाबाई कान्हो यात्रा, वेश्या पुत्री आदि के नाम लिए जा सकते हैं । विट्ठल सम्प्रदाय में नाम स्मरण से ही भक्ति होती है तथा भक्ति से आत्मज्ञान । जब एक बार आत्मज्ञान हो गया तो मूर्तिपूजा तथा कर्मकाण्ड की विशेषता आवश्यक नहीं रह जाती । यह बात दूसरी है कि विट्ठल का नामस्मरण करने के लिये विट्ठल की मूर्ति भक्त अपने समक्ष रखते हैं । आत्मज्ञानी भक्त ही सच्चे संत हैं । संत ज्ञानेश्वर ने भी कहा है -- "आत्मज्ञानी चोखण्डी सन्त है माझे रूपड़ी ।" अत: यह स्पष्ट देखा जा सकता है कि इस विचारधारा में विट्ठल को ब्रह्म का प्रतीक मानकर उसके प्रेम की पवित्र धारा में जाति और वर्ग का सारा द्वंद्व बह जाता है और नाम का संस्कार हृदय में स्थिर हो जाता है । भक्ति का यह ऐसा उन्मेष था कि इसमें दरजी कुम्हार माली , भंगी जासी और वैश्यापुत्री समान रूप से भक्ति में लीन हो सकते हैं । उन्होंने जहां अनाहत नाद के अलौकिक माधुर्य में परमात्मा की अनुभूति प्राप्त की । वहां प्रेम के दिव्य आलोक में उन्होंने आत्मज्ञान का अनुभव प्राप्त किया और परमात्मा

की विभूति देखी । महाराष्ट्र में इस भक्ति का संस्कार दो बातों पर निर्भर है । पहली कर्मकाण्ड की अपेक्षा हृदय की पवित्रता तथा शुद्धता में है और दूसरी व्यक्तिगत और जातिगत संस्कारों से उठकर जीवन मुक्ति के धरातल तक पहुंचने में है । इन्हीं से उस साधक की संज्ञा सन्त हो जाती है ।

माधवराव अप्पा जी मुले ने नामदेव के काव्य के संबंध में लिखा है -- " उसमें सत्व, विश्वास तथा भक्ति का और प्रेम में आत्म समर्पण प्रकाश तथा लोकोत्तर आनन्द का आलोक है । वह हृदय के प्रति हृदय का गीत है ।" नामदेव के काव्य में सरसता और सुबोधता दोनों का ही अद्भुत मिश्रण है । उन्होंने ऐसे अभंगों और गीतों की रचना की कि उनके जीवन काल में ही उनका यश समस्त भारत में फैल गया ।

नामदेव की कविता उनके जीवनकाल की दृष्टि से तीन भागों में विभक्त की जा सकती है -

१. प्रथम उन्मेष की रचनायें - जब वे मूर्तिपूजक थे
२. मध्यकालीन रचनायें - जब वे परम्परा से रहित हो रहे थे
३. उत्तरकालीन रचनायें - जब वे ईश्वर का व्यापक रूप सर्वत्र देखने लगे थे ।

यही उत्तरकालीन रचनाये उनके निर्गुण मार्ग की संयोजिका है । वे समान रूप से मराठी तथा हिन्दी में कविता लिख सकते थे --" गजेन्द्र गणिकेची राखिली तुवालाज उद्धरिला दिज आमिल ।। मराठी

" तारिले गनिका बिनरूप कुब्जा
बिआध अंजामिलु तारि आले ।" हिन्दी

नामदेव का समय -

जिस समय नामदेव का महाराष्ट्र में प्रादुर्भाव हुआ । उत्तर भारत में खिलजियों के शासक सैनिक अभियान की महत्वाकांक्षा पूर्ण योजना बनाने में संलग्न थे । उत्तर भारत में तीन सौ वर्ष से मुसलमानों का शासन भारतीय जीवन में उथल पुथल मचाये हुए था । परन्तु विंध्य और नर्मदा की उपत्यका को लांघने का उनमें साहस एकत्र नहीं हो पाया था । अलाउद्दीन खिलजी के कानों में देवगिरी के यादव राजा के वैभव की कथायें नित्य पड़ा करती थीं और वह दक्षिण के द्वार पर रह रह कर दस्तक दे रहा था । विदेशी आक्रमण की संभावना से यादव राजा सशंक अवश्य थे परन्तु जनता का सामान्य सामाजिक जीवन क्रम अखंडित था - जाति पांति की जंजीरों में जकड़ा हुआ था । रोटी बेटी व्यवहार निर्बन्ध नहीं थे । वर्ण व्यवस्था का इतना आतंक था कि संतों तक ने हृदय से उसकी अस्वाभाविकता अनुभव करते हुए भी उसे विधि का विधान मानकर स्वीकार कर लिया था । देवगिरी के यादव राजा के मंत्री हेमाड़ पंत (हेमाद्रि) ने चतुर्वर्ग, चिंतामणि , नामक ग्रन्थ की रचना कर इस प्रथा को और भी दृढ़ करने का उपक्रम किया । इस ग्रन्थ में उन्होंने वर्ष भर में दो हजार व्रतों और अनुष्ठानों की व्यवस्था दी है । इसका तात्कालीन जनता पर जो प्रभाव पड़ा वह आज तक अनुभव किया जाता है । महाराष्ट्र के प्राय: प्रत्यके धार्मिक पंथ में व्रतों का विधान है ।

नामदेव के समय में नाथ और महानुभाव पंथ प्रचलित थे । नाथ मत स्पष्ट रूप से अलख निरंजन की योगपरक साधना का समर्थक और बाह्याडंबरों का विरोधी था । महानुभाव पंथ में भी बहुदेवोपासना और वैदिक कर्मकाण्ड का विरोध निहित था परन्तु कृष्णोपासक होने के नाते मूर्तिपूजा का बड़ा निषेध नहीं था । सामान्य जनता पंढरपुर के विट्ठल को अपना प्रधान उपास्य देव बनाये हुए थी । प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में स्त्री पुरुष आषाढी और कार्तिकी एकादशी को पैदल चलकर वहां जाते थे । यह यात्रा पंढर पुर की बारी कहलाती थी और आज भी कहलाती है । जनता के मन को पंढरपुर के देवता से हटाने से नाथ पंथियों ने कम उद्योग नहीं किया । ब्रह्म किसी मंदिर में नहीं सब जगह है ।

यह बात नाथपंथी `बिसौवा खेचर` ने विशेष रूप से प्रचारित की और नामदेव को जो पंढरपुर के विठोवा के बड़े भक्त थे अपने मत में मिला लिया । खेचर के उपदेशों से नामदेव तथा उनके समसामयिक तथा परवर्ती संतों ने विट्ठल की व्यापकता को अवश्य अनुभव किया परन्तु सामान्य जनता की पंढरपुर की वारी जारी रही । यद्यपि नामदेव के पूर्व तक महाराष्ट्र मुसलमानों से पद-दलित नहीं हो पाया तो भी उनके एकेश्वर वाद के उपदेश नाथों द्वारा वहां भारतीय दर्शन में संचरित हो चुके थे । अत: मुसलमानों का संसर्ग होने पर भी उसे उनके धार्मिक मत में ऐसी कोई नवीनता नहीं दिखलाई दी जिसमें उसके प्रति उनका बरबस आकर्षण बढ़ता ।

हिन्दू धर्म में ही जो विष्णु और शिव का संघर्ष था उसे किसी ने बड़ी चतुराई से पंढरपुर की विट्ठल की मूर्ति के मस्तक पर शिव चिह्न अंकित करके दूर कर दिया ।

संक्षेप में नामदेव के समय में वर्ण व्यवस्था की तीव्रता थी । जाति हीनों को मंदिर प्रवेश निषिद्ध था । यहां तक कि पुरोहितों ने मंदिर के द्वार पर नामदेव को भी कीर्तन करने की अनुमति नहीं दी ।

यादव राजा के शासन में जनता का जीवन सुखी था । साहित्य और कला को प्रोत्साहन प्राप्त होता था । इसी युग में ज्ञानेश्वर जैसे संत ने ज्ञानेश्वरी और आनंदानुभव के समान प्रौढ़ साहित्य रचना कर मराठी में स्वर्ण युग को जन्मदिया --

नामदेव का जीवन चरित --

नामदेव ने दर्जी जाति के परिवार में ११६२ प्रथम संवत्सर कार्तिक शुक्ल ११ रविवार को सूर्योदय के समय नरसी ब्राह्मणी ग्राम में जन्म धारण किया उनके पिता का नाम `दमा शेट` तथा माता का नाम गोणाई था । नामदेव की

एक बहिन भी थी जिसका नाम आऊबाई था । नामदेव का विवाह उनकी ६ वर्ष की अवस्था से ही होगया था । उनके चार पुत्र तथा चार पुत्रियाँ हुई । उनका वंशवृक्ष इस प्रकार है --

नामदेव के पिता विट्ठल भक्त थे । प्रतिवर्ष वे पंढरपुर की वारी करते थे । अतएव बचपन से ही 'नामा' के मन में विट्ठल भक्ति का उदय हो गया था । वे जब आठ वर्ष के थे तब उनकी माँ ने विट्ठलल मंदिर में दूध का द नैवेद्य चढ़ाने को उन्हें भेजा । किंवदंती है कि मूर्ति ने उनके आग्रह को मानकर उनके कटोरे का दूध पी लिया था । इस चमत्कारिक घटना का उल्लेख उनके एक आत्म व्यक्तात्मक घटना का उल्लेख उनके एक आत्म कथात्मक पद में है --

'दूध कटोरे गडवै जानी.......

नामदेव का मन गृहस्थी में नहीं लगा । अतएव वे पंढरपुर में जाकर ही विट्ठल की सेवा में रहने लगे । वहीं उनकी ज्ञानेश्वर तथा उनके भाई बहनों से भेंट हुई और उनके संसर्ग से उन्होंने विसोबा खेचर से दीक्षा ली । अब उनकी प्रेमपूर्ण भक्ति में ज्ञान का भी समावेश हो गया । उन्होंने ज्ञानेश्वर के साथ उत्तर भारत की यात्रा की और कहा जाता है कि उस यात्रा में उन्होंने कई चामत्कारिक बातें कीं । मारवाड़ में जब यह दोनों संत पहुंचे तब बीकानेर के

के पास "कौलाद जी" नामक ग्राम के निकट उन्हें बड़ी प्यास लगी । खोजते खोजते उन्हें एक गहरा कुंआ दिखाई दिया । ज्ञानेश्वर योगी होने के कारण सूक्ष्मदेह धारण कर सहज ही कुएं में उतर गये और पानी पी आये और नामदेव से कहने लगे कि "कहो तो तुम्हारे लिये भी पानी ले आऊं ।" नामदेव ने उत्तर दिया कि कहीं पानी भी मांग कर पिया जाता है । वे ध्यानस्थ हो गये और विट्ठल विट्ठल की रट लगाने लगे कुछ ही क्षणों में ज्ञानेश्वर ने देखा कि कुएं का पानी ऊपर उठकर सतह पर लहरा रहा है । उन्होंने नमदेव की समाधि भंग कर यह दृश्य दिखाया और उनकी भक्ति के प्रति श्रद्धा व्यक्त की । कहा जाता है कि वह कुआं आज भी कौलाद जी में है और नामदेव का कुआं कहलाता है । उत्तर भारत की यात्रा से लौटकर ज्ञानेश्वर ने आलंदी से समाधि ले ली । उस समय नामदेव भी उन्हीं के पास थे । उन्होंने ज्ञानदेव के वियोग का बड़ा ही हृदय स्पर्शी चित्र अपने अभंगों से खींचा है । अपने प्रिय मित्र के समाधिस्थ हो जाने के बाद उनका मन पंढरपुर से उचट गया । वे महाराष्ट्र से बाहर उत्तर पंजाब की ओर चले गये । पंजाब के घोमान नामक स्थान पर आज भी नामदेव का मंदिर विद्यमान है । यह स्थान गुरुदासपुर जिले में है । इस गांव में नामदेव सम्प्रदायी लोगों की ही बस्ती है । धोमान के स्मारक को गुरुद्वारा बाबा नामदेव जी कहा जाता है । उनके पंजाबी शिष्यों में विष्णुस्वामी बहारेदास लालतो सुनार लध्धा खत्री और केशी कलाधार मुख्य हैं । उन्होंने ८० वर्ष की आयु में सन् १३५० में पंढरपुर के विट्ठल मंदिर में महाद्वार पर समाधि ले ली । उनके शिष्य परिसा भागवत का इसी प्रसंग का एक अभंग है –

> "आषाढ़ शुक्ल एकादशी ।
> नामा विनवी विट्ठ लामी
> आइग व्हावी हो मजसी
> समाधि विश्रान्ति लागी ।"

(नामदेव ने आषाढ़ शुक्ला एकादशी को विट्ठल से प्रार्थना की कि मुझे चिर विश्रान्ति के लिये समाधि लेने की आज्ञा दी ।)

सन्तों के चरित्रों से अनेक चमत्कारिक घटनाओं का समावेश होता है । नामदेव का चरित्र भी उनके शून्य नहीं है । सुल्तान की आज्ञा से मरी हुई गाय को जिलाना आवंढ्या नागनाथ मंदिर के सामने जब ब्राह्मण पुजारी ने कीर्तन नहीं करने दिया तब उनके पश्चिम की ओर जाकर कीर्तन करना और स्वयं मंदिर के दरवाजे का पश्चिमाभिमुख हो जाना आदि घटनायें उनके जीवन के साथ सम्बद्ध हैं और उनका उल्लेख उनके पदों में भी है ।

ज्ञानेश्वर कालीन नामदेव के अतिरिक्त महाराष्ट्र में पांच नामदेव संत और हो गये हैं । पुणों के श्री भ ावटे ने (संकट संत गाथा । में नामदेव के २५०० अभंग दिये हैं । उनमें नामदेव नाम के साथ ५००-६०० से अधिक नहीं है । शेष `विष्णुदास नामा` के नाम से हैं । प्रश्न यह है कि क्या विष्णुदास नामा और नामदेव दो भिन्न व्यक्ति हैं अथवा एक ही हैं । विष्णु के दास होने में हो सकता है नामदेव ने कभी अपने नाम के साथ विष्णुदास को लगाया हो । इस संबंध में महाराष्ट्र के प्रसिद्ध इतिहासकार वि०का० राजवाड़े का कथन ध्यान देने योग्य है । वे लिखते हैं कि नामा शिंपी का काल शके ११६२ से १२६२ से १२७२ तक है । विष्णुदास नामा जो भिन्न व्यक्ति हैं शके १५१७ में जीवित था इसका प्रमाण आवटे की `गाथा` में विष्णुदास नामा का शुकाख्यान (पृष्ठ ५४४-५५७) है । अतएव विष्णुदास नामा के अभंगों को नामदेव के साथ छापना उचित नहीं है ।

नामदेव की गाथा में ऐसे अभंग हैं जिनमें मीरा, कबीर नरसी मेहता आदि का उल्लेख है जो निश्चय ही नामदेव के न तो पूर्ववर्ती हैं और न समकालीन ही । वे निश्चित ही नामदेव के बाद पैदा हुए हैं नामदेव ने किसी भी अपने अभंग में इनका उल्लेख नहीं किया ।

प्रोफेसर रानाडे ने भी अपने ग्रन्थ में राजवाड़े के मत का समर्थन किया है। श्री राजवाड़े ने विष्णुदास नामा की एक बावन अक्षरी प्रकाशित की है

जिसमें "नामदेव राय" की वचना है । इसमें भी यह सिद्ध होता है कि ये दोनों व्यक्ति मित्र हैं और भिन्न समय में हुए हैं । श्री चांदोरकर ने एक महानुभावी नामदेव को भी खींच तानकर नामदेव शिंपी के साथ जोड़ दिया है । इस नेमदेव का महानुभावों के लीलाचरित्र के "विट्ठल वीरु कथन" प्रकरण के उल्लेख हैं कि जिसे कोली जाति का कहा गया है । इसने महानुभाव मार्ग में दीक्षा ग्रहण की थी । परन्तु वास्तव में इस नेमदेव का वारकरी नामदेव से तनिक भी सम्बन्ध नहीं है । नामदेव कालीन एक महानुभावमार्गी नामदेव और हैं । वह भी अपने को विष्णुदास नामा कहता है । इसने महाभारत पर श्रेणी बद्ध ग्रन्थ लिखा है । कर्ण पर्व हरिभाऊ आपटे सभापर्व देशपांडे और आदि पर्व एवं भीष्मपर्व के कुछ पृष्ठ स्वयं पांगारकर ने पंढर पुर में देखे हैं । पांगारकर कहते हैं कि यदि यह नामा महानुभावी होता तो उसके ग्रन्थ के पृष्ठ पंढरपुर की पुरानी पोथियों में ना मिलते पर डा० देशपांडे "महानुभावी मराठी वाङ्मय" में लिखते हैं कि विष्णु नामा को जिसने भागवत पर ओवी लिखी है और जिनके महानुभावी लिपी में भी ग्रन्थ हैं शके ११९२ में महानुभाव दामोदय पंडित ने उपदेश दिया । इन्होंने भारत पर भी ओवीबद्ध काव्य लिखा है । अन्त में वे इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि इस महानुभावी विष्णुदास का ज्ञानेश्वर के साथी संत नामदेव राय से कोई सम्बन्ध नहीं है ।

नामदेव सम्बन्धी एक और विवाद है । पंजाब के गुरु ग्रन्थ साहब में नामदेव के बहुत से पद संगृहीत हैं । उन पदों के लेखक संत नामदेव कहे गये हैं । महाराष्ट्र के कुछ विवेचकों का मत है कि गुरु ग्रन्थ साहब के पद रचयिता नामदेव का महाराष्ट्र के ज्ञानदेव कालीन नामदेव से कोई सम्बन्ध नहीं है । वह नामदेव की पंजाबयात्रा के समय उनका कोई शिष्य रहा होगा । जिसने बाद में अपने गुरु का नाम धारण कर हिन्दी में पद रचे होंगे । पर यह मत निम्नलिखित कारणों से निराधार सिद्ध होता है —

१. नामदेव सम्बन्धी मराठी आभंगों में दो प्रमुख जीवन घटनायें वर्णित हैं प्राय: वे ही ग्रन्थ साहब के हिन्दी पद्यों में भी आई हैं । नामदेव ने

अपने आभंगों में आत्मकथा लिखी है । (यह मराठी साहब में प्रथम आत्मकथा कही जाती है ।) इसमें वे शिंपीआचे कुली जन्म झाला (दर्जी के वंश में मेरा जन्म हुआ) लिखते हैं हिन्दी के पदों में भी वे अपनी जाति यही बताते हैं पर उसे धीमे शब्द से परिचित कराते हैं --

'छीपे के धरि जनमु देला गुरु उपदेसु भेला'

मराठी में दर्जी को शिंपी कहते हैं । उत्तर भारत में उन्होंने अपने को शिंपी कहा होगा । लोगों ने शिंपी को छिपी- छीपा समझा होगा और नामदेव ने उसी शब्द को उत्तर भारतीयों का समझाने की दृष्टि से ग्रहण कर लिया होगा । उत्तरभारत में छीपा छींट छापने वाले को कहते हैं । यही रंगरेज भी कहलाता है । नामदेव ने छीप का प्रयोग दर्जी के अर्थ में नि:संदेह किया है । क्योंकि वे जब पदों में रूपक बांधते हैं तब अपने को दर्जी मानकर ही चलते हैं --

मन मेरो गजु जिह्वा मेरी काती
झपि झपि काटउ जम की धांमी '

शिंपी तथा छीपा के शब्द भिन्नत्व को लेकर पंजाब प्रवासी नामदेव और महाराष्ट्रीय नामदेव को दो भिन्न व्यक्ति मानते का कोई दृढ़ आधार नहीं है ।

२. मराठी तथा हिन्दी पदों में विट्ठल शब्द का समान प्रयोग हुआ है । साथ ही हरिगोविंद शंभु केशव माधव राम आदि भी समान रूप से प्रयुक्त हुए हैं ।

३. मराठी तथा हिन्दी पदों की भावधारा में भी समानता है ।

४. भगवान की सर्व व्यापकता तीर्थ आदि बाह्याचरों की व्यर्थता नाम और गुरु की महिमा के भाव दोनों भाषाओं के अभंगों और पदों में समान रूप से विद्यमान हैं ।

५. दोनों भाषाओं के पदों में प्रह्लाद ध्रुव अजामिल गणिका ,पूतना अहिल्या, द्रौपदी आदि के नाम और उनके कथाप्रसंग पाये जाते हैं ।

अत: इससे यही निष्कर्ष निकलता है कि पंजाब तथा महाराष्ट्र के ज्ञानेश्वरकालीन नामदेव अभिन्न हैं ।

नामदेव के विशिष्ट शब्द प्रयोग

नामदेव ने कुछ ऐसे पारिभाषिक शब्दों को प्रयुक्त किया है जो प्राय: सभी निर्गुणियों की कृतियों में पाये जाते हैं । यथा खसम , भतार-निरंजन बिठुला, नाद अनहत तथा सुन्न ।

खसम भरतार तथा निरंजन शब्द हमें सातवीं शताब्दी में सिद्धों की रचनाओं में भी मिलते हैं ।

खसम –

अरबी खस्म से बना है जिसके अर्थ १. शत्रु दुश्मन , २. + स्वामी मालिक , (३) पति ,शौहर होते हैं । इसकी विवेचना डा० हजारीप्रसाद द्विवेदी ने अपनी कबीर नामक पुस्तक में की है । उन्होंने ख- आकाश, सम-समान अर्थ लेकर यह प्रतिपादित किया है कि मन की अवस्था जो सगुण तथा निर्गुण से परे हो ।

सिद्ध सरहपाद ने आठवीं शताब्दी में खसम का प्रयोग संभवत: उसी अर्थ में किया है जिसकी ओर डा० हजारीप्रसाद द्विवेदी का संकेत है । उनकी पंक्तियां हैं –

सव्वरु तहि खसम करिज्जै
खसम कहावे मणवि धरिज्जै

साहपद बौद्ध सिद्ध थे । उन्होंने महायान दार्शनिकों की परिभाषा में ही संभवत: ल का व्यवहार किया है । पर नामदेव तथा कबीर आदि संतों ने भी सभी स्थलों पर इस अर्थ में प्रयोग किया है यह कहना कठिन है ।

भगति करउं हरि को गुन गावउ
आठ पहर अपना खसमु धिआवहु

यहां स्पष्ट है नामदेव ने खसम का प्रयोग स्वामी अथवा मालिक के अर्थ में किया है जो समस्त जगत का स्वामी है उसका आठों पहर ध्यान करने का उपदेश है । भरतार का प्रयोग भी साहपाद में मिलता है । इसका प्रयोग पति के अर्थ में हुआ है । नामदेव में भी इसी अर्थ में यह प्रयुक्त हुआ है ।

निरंजन

नाथ पंथियों में बहुत प्रचलित शव्द है जिसका भिन्न भिन्न अर्थों में प्रयोग हुआ है । गोरखनाथ ब्रह्म के अर्थ में आरती गाते हैं । कबीर ने ब्रह्म तथा विशिष्ट प्रकार के जोगियों के लिये इस शब्द का प्रयोग किया है ।

नामदेव निरंजन को अपने गोपाल राई का विशेषण बनाते हैं । गोपाल राई थी जिनका कोई कुल नहीं है और जो अंजन रहित हैं अर्थात् निराकार हैं सेवा करनी चाहिये । निरंजन शव्द का नामदेव से हिन्दी पदों में एक बार ही निराकार ब्रह्म के लिये प्रयोग किया है ।

विठुला, विट्ठल

का हिन्दी पदों में संभवत: नामदेव द्वारा ही सर्वप्रथम प्रयोग हुआ है । उत्तर भारत में विष्णु का विट्ठल नाम उन्हीं के द्वारा प्रचलित हुआ है । नामदेव ने विट्ठल शव्द पंढरपुर की विट्ठल प्रतिमा और व्यापक ब्रह्म दोनों अर्थों में प्रयुक्त किया है । परन्तु इस सम्बन्ध में यह ध्यान देने योग्य बात है कि विट्ठल प्राय: सर्वव्यापी ब्रह्म के अर्थ में प्रयुक्त हैं । इसका कारण यह प्रतीत होता है कि विसोवा खेचर से दीक्षित होने के पूर्व नामदेव की भक्ति पंढरपुर के मंदिर में स्थित विठोवा की मूर्ति में ही केन्द्रित थी । अतएव मराठी अभंगों में विट्ठल की मूर्ति के चरणों में बार-बार जन्म लेकर समर्पित होने की उत्कट भावना है । परन्तु खेचर के जगाने के उपरांत उनकी यह भावना व्यापक होगई

चारों ओर उन्हें विट्ठल के दर्शन होने लगे —

ईं भइ बीठल ऊगइ बीठल, बीठल बिन संसारु नाहीं

उत्तर भारत की यात्रा के समय नामदेव खेपर से दीक्षित हो चुके थे। अतएव उस समय रचित हिन्दी पदों में स्वभावत: बीठलु व्यापक ब्रह्म के अर्थ में प्रयुक्त हुआ है। नामदेव के पद उत्तर भारत में इतने अधिक प्रचलित हो गये थे कि उनके भावों की प्रतिध्वनि हमें उनके परवर्ती संत कवियों में बार बार सुनाई पड़ती है। उत्तर भारतीयों को सर्वप्रथम निर्गुण भक्ति का मधुर रसपान कराने का श्रेय इसी महाराष्ट्री संत कवि को है। सिद्धों तथा नाथों ने तो भक्ति विरहित निर्गुणमत का ही प्रचार किया था।

कुण्डलिनी, अनहतनाद, सुन्न

कुण्डलिनी के सम्बन्ध में गोरखनाथ शतक में चर्चा है —

कुण्ड अर्थात् रीढ़ के निम्न भागस्थित स्वयंभू लिंग के ऊपर कुण्डलिनी शक्ति आठ तह का कुण्डल बनाकर अपने मख से ब्रह्मद्वार को नित्य ढांप पड़ी रहती है। इडा (बाईं नाडी) और पिंगला (दाईं नाडी) का जब सुषुम्ना (रीढ़ के मध्य स्थित नाड़ी) से बहने वाली प्राणवायु के साथ प्राणमात्र आदि द्वारा मेल होता है तब कुण्डलिनी जाग्रत होती है और उसकी ऊर्ध्व गति होती है। यह षट यंत्रों को बेधती हुई सहस्त्राधार अथवा ब्रह्मरंध्र में प्रवेश करती है जहां अमृत झरता है तथा जीवात्मा उसका पान करती है। इसी अवस्था में अनहत नाद सुनाई पड़ता है, प्रकाश दिखाई देता है। आत्मा ज्योति परमात्मा ज्योति से एकाकार हो जाती है। यहीं पहुंचने पर समाधि की अवस्था सिद्ध होती है। इसी को कुणलिनी योग अथवा लय योग कहते हैं। नामदेव कहते हैं —

अखण्डु मण्डलु निराकार महि अनहत बेनु बजाऊंगो।
इडा पिंगला अउरु सुखमना पउनै बांधि रहाउंगो।।
चंड सुरज दुइ सम करि राखउ ब्रह्म ज्योति मिली पाउंगा।

इड़ा तथा पिंगला नाड़ियों को ही चन्द्र और सूर्य नाडी कहा जाता है । नाथ मत में कुण्डलिनी योग साधन का बड़ा महत्व है । ब्रह्मरन्ध्र को गगन मण्डल सुन्न मण्डल और सुन्न महल भी कहा गया है

योगी विसोबा खेचर से दीक्षा लेने के उपरान्त प्रतीत होता है नामदेव कुण्डलिनी योग साधना में प्रवृत्त हुए और तभी से उनके पदों तथा अभंगों में उनका उल्लेख आने लगा ।

जन अनहद सूर उजारा तह दीपक जलैं छंछारा
गुरु परसादी जानिआ जनु नामा सहम सकानिया

नामदेव की भाषा —

अध्ययन की समस्या :—

नामदेव के पदों की मूल पाण्डुलिपि अप्राप्य है । उनके बहुत से हिन्दी पद सिक्खों के 'गुरु ग्रन्थ साहिब' और थोड़े से आवटे द्वारा संकलित 'सकल संत गाथा' तथा यत्र तत्र मठों की पोथियों में मिलते हैं । गुरु ग्रन्थ साहिब का संकलन सन् १६०६ ई० के आस पास नामदेव के समाधिस्थ होने के लगभग ढाई सौ वर्ष बाद हुआ है । इस अवधि में मूल पदों में थोड़ा बहुत अंतर स्वभावत: आ गया होगा । यों जनता संतों की वाणी में दैवी शक्ति को मानकर उनका शुद्ध पाठ रखने का प्रयत्न करती है । फिर भी लेखन त्रुटि तथा श्रवण भ्रान्ति के कारण यहां वहां अक्षरों तथा शब्दों में भेद पड़ जाता है । आवटे की गाथा पदों में भी मूल की रक्षा संदिग्ध है । मुद्रण कला के आविष्कार के बाद तो दोषों की संख्या की कोई सीमा ही नहीं रह गई है । पहले तो जब ग्रन्थ हाथ से लिखे जाते थे तब लिपिक की थोड़ी बहुत रुचि मूल पुस्तक का प्रक प्राय: एक ही लिपिक होने से भाषा की एकरूपता भी रक्षित रह जाती थी । परन्तु

मुद्रणालय में तो एक पुस्तक को कम्पोज करने वाले अनेक व्यक्ति होते हैं जो न तो विषय का ज्ञान रखते हैं और न भाषा पर अधिकार ही । वे मक्षिका स्थाने मक्षिका रख कर अपनी मजूरी पूरी करते हैं यदि कोई अन्वेषक ही मुद्रणालय में सावधानी से बैठकर किसी ग्रन्थ को मुद्रित कराये तो संभव है कि मूल भाषा की रक्षा हो सके । श्री आवटे का शोधक स्वभाव भले ही रहा हो पर वे आधुनिक ढंग के अन्वेषक नहीं रहे हैं । जो भाषा के रूप की रक्षा में अत्यधिक सावधान रहते हैं । मराठी पदों की भाषा संभवत: थोड़ी बहुत वे ठीक रख भी सके हों पर हिंदी पदों के प्रति वे भाषाधिकार के अभाव में उतनी ही सतर्कता रख सके होंगे इसमें संदेह है । ऐसी स्थिति में हम नामदेव के पदों की सूक्ष्म वैज्ञानिक परीक्षा करने में असमर्थ हैं । हम उसके प्राप्य रूप से कतिपय स्थूल निष्कर्ष ही निकाल सकते हैं ।

नामदेव की भाषा की सामान्य विशेषताएं

वर्णमाला तथा वर्ण प्रक्रिया आदि –

पदों की भाषा में प्राय: संस्कृत वर्णमाला के सभी स्वर तथा व्यंजन विद्यमान हैं । अपवाद हैं ऋ, लृ, ,श , ष, क्ष और ज्ञ । ऋ के स्थान पर रि, श के स्थान पर स तथा ष के स्थान पर ख क्ष के स्थान पर ख तथा ज्ञ के स्थान पर गिया का प्रयोग मिलता है ।

कहीं कहीं ओ के स्थान पर उ तथा ए के स्थान पर इव मिलता है । यथा –

'राम को जपउ दिनराता

अ का उ में परिवर्तन

शब्दान्त की अ ध्वनि प्राय: उ में परिवर्तित पाई जाती है – विष्णु, संसारु गोविन्दु, वृतु, वेदु, पुराणु आदि संस्कृत तत्सम

शब्दों के दीर्घ के स्थान पर ह्रस्व और ह्रस्व के स्थान पर दीर्घ रूपों की प्रचुरता है । कहीं शब्दान्त अ का इ में भी आदेश हुआ है —

खड़ीबोली रूप	नामदेवी रूप
झिलमिल	झिलमिलि
बाहर	बाहरि

ब के स्थान पर म का आदेश

सब	सम

ल के स्थान पर ग का आदेश

सकल	सगल
भक्ति	भगति

न के स्थान पर ण का आदेश तथा ण के स्थान पर न का आदेश

कौन	क्वणु
तृष्णा	त्रिस्ना

य के स्थान पर ज का आदेश

यम	जम

कतिपय वर्णों का भी आगम हुआ है

शब्द में वर्ग के तृतीय वर्ण के बाद औ और ना के आने पर उनके मध्य य का आगम —

जाना	ज्याना
जौ	ज्यौ
लाना	ल्याना

संयुक्त स के पूर्व इ का आगम

स्नान	इस्नान

विभक्ति वैशिष्ट्य

सप्तमी के लिये इ और ए और भी प्रयुक्त ~~का~~ प्रत्यय पाये जाते हैं --

मनि	(मनमें)
आकासि	(आकास में)
दारि	(द्वारपर)
गगन मंडल मी	(गगनमंडल में)

कहीं कहीं संबंध कारक में च का प्रयोग --

तुमचे पारसु हमचे लोहा

क्रिया प्रत्यय

भूतकालिक 'इल' प्रत्यय नामदेव के पदों में अधिक पाया जाता है । यथा --

आनीले, भराइले, भेला, लाइले

यह मराठी में ही नहीं पूर्वी हिन्दी में भी प्रयुक्त होता है । सातवीं शताब्दी के साहपाद और धर्मपाद में भी इस भूतकालिक प्रत्यय का प्रयोग मिलता है ।

"नामदेव की भाषा में किसी कृत्रिम एकरूपता की अपेक्षा नहीं की जा सकती है । वे संत थे । उन्हें अपनी बात कहनी थी । भाषा का रूप प्रदर्शन उनका ध्येय न था । अतएव भाषा में कबीर के समान थोड़ी विविधता भी है । जिन प्रान्तों के व्यक्तियों से उनका संपर्क हुआ उनकी भाषा उन्होंने ग्रहण की । अतः उसमें खड़ी बोली के साथ व्रज पूर्वी हिन्दी और पंजाबी का

भी समावेश हो गया है । उनके काल तक मुसलमानों का शासन फैल चुका था । अत: विदेशी (भाषा- अरबी-फारसी) शब्द स्वभावत: उनकी रचना में समा गये । परन्तु एक बात ध विशेष रूप में दर्शनीय है कि उनके प्रत्येक पद में विदेशी शब्द नहीं आए हैं । गुरु ग्रन्थ साहिब में संकलित पदों में ही थोड़े बहुत अरबी फारसीके शब्द हैं । उदाहरणार्थं आमदवुना, खुशखबरी, यारा, आलम, मस्कीन, दाना, बखसंद बिसमिल, खुंदकार, कलंदर आदि । शेष पद्य इनसे सर्वदा अछूते हैं ।

इस प्रकार नामदेव ने अपने सारे पदों में भाषा की विदेशी खिचड़ी नहीं पकाई है । यद्यपि नामदेव के समय में मुसलमानों का संसर्ग दक्षिणापथ में प्रारंभ हुआ था तो भी उनका इतना प्रभाव नहीं बढ़ पाया था कि जनता की भाषा के परम्परागत रूप में विशेष परिवर्तन आ गया हो । उत्तरभारत में परिवर्तन की क्रिया प्रारंभ हो चुकी थी जिसकी छाया नामदेव के चार पांच पदों में ही दिखाई देती है । उन पदों की रचना उनके पंजाब में रहने के काल में होनी चाहिये । उनकी भाषा से खड़ीबोली के उस रूप का आभास मिलता है जो उनके समय में मध्यदेश और पंजाब में विकसित हो रही थीं ।

बाबा फरीद (शैख फरीद) शकर गंज

मुसलमान सूफी संत जिनके नाम से देशी भाषा की कुछ रचनायें हमें प्राप्त हैं, बाबाफरीद शकरगंज या शैख फरीदुद्दीन शकरगंज (११७३ - १२६५ ई०- १२३० - १३२२ वि०) हैं। प्रसिद्ध इतिहासकार फरिश्ता के अनुसार (१७ वीं- ११ शती) तैमूर लंग मे आक्रमण (१३१२ से १३७५ वि०) के समय पंजाब के अजो- धनवां पाकपत्तन की गद्दी पर प्रसिद्ध फकीर बाबा फरीद का पौता शाहुद्दीन गद्दी पर वर्तमान था। इस गद्दी के संस्थापक बाबा फरीद ही थे। इनका जन्म (११७३ ई० - २१३० वि०) में कोठीवाल गांव में हुआ था। ये प्रसिद्ध शैख मुही- नुद्दीन चिश्ती के शिष्य कहे जाते हैं। कहा जाता है कि अजोधन गांव जिला मांट- गोमरी (पाकिस्तान पंजाब) में इन्होंने १२ वर्ष तक तप किया। इस कारण उस गांव का नाम पाकपत्तन पड़ गया। बाबा फरीद ने देहली, मुलतान आदि नगरों की यात्रा करके सूफी संप्रदाय का प्रचार किया और पंजाबी मिश्रित हिन्दी में अनेक कवितायें लिखीं। कभी कभी उन्हें लहंदी पंजाबी हिन्दी काव्य का जनक कह दिया जाता है।

